Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 52 | मंगलवार, 24 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम सूर्य घर योजना से 30 लाख घर रोशन

# पीएम मोदी बोले-ऊर्जा क्रांति की ओर बढ़ता भारत



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम सूर्य घर' योजना के तहत 30 लाख घरों तक रूफटाप सोलर पहुंचने की उपलब्धि को भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का बड़ा पड़ाव बातााया। उन्होंने कहा कि यह पहल देश को ऊर्जा-सुरक्षित, हरित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। यह बयान तब आया जब नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने घोषणा की कि देशभर में 30 लाख परिवार अब रूफटाप सोलर से जुड़ चुके हैं, जिससे वे सूरज की रोशनी को बचत और स्थिरता में बदल रहे हैं। इटरनेट मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में सराहनीय मील का पत्थर है।

**स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में सराहनीय मील का पत्थर**

उन्होंने योजना से जुड़े सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि रूफटाप सोलर अपनाने से न केवल बिजली बिल में कमी आ रही है, बल्कि सतत विकास और आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिल रही है। पीएम मोदी ने रेखांकित किया कि सरकार का लक्ष्य देश को भविष्य के लिए तैयार, पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है और 'पीएम सूर्य घर' उसी विजन की सशक्त कड़ी है।

## कांग्रेस के भीतर से भी उठा स्वर, हल्का-छिछोरा और नग्नता का आचरण निंदनीय: भाजपा



**नई दिल्ली।**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित अन्य विपक्षी गठबंधन नेताओं द्वारा एआइ इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के अशोभनीय प्रदर्शन की आलोचना के बाद कांग्रेस की ही वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा के बयान के सहारे भाजपा ने कांग्रेस को आईना दिखाने का प्रयास किया है।

सांसद एवं भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि अब कांग्रेस के भीतर से भी यह स्वर उठने लगा है कि इस तरह का हल्का, छिछोरा और नग्नता का आचरण करना निंदनीय है। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत को "सपेरों का देश" कहे जाने को उचित ठहराए जाने का प्रसंग भी सुनाते हुए आरोप लगाया कि भारत की हर उपलब्धि और श्रेष्ठता को कमतर दिखाना तथा उसे धूमिल करने का प्रयास करना कांग्रेस का एक सहज, स्वाभाविक और योजनाबद्ध षड्यंत्रपूर्ण आचरण रहा है। सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विश्व एआई शिखर सम्मेलन में जहां एक ओर भारत की बुद्धिमत्ता, तकनीकी कुशलता और युवा शक्ति की श्रेष्ठता का एक बड़ा उच्च कोटि का प्रदर्शन हुआ तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की निम्नता और नग्नता का बहुत कुटिलतापूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर पूरा देश न केवल स्तब्ध है, बल्कि आक्रोशित भी है। कांग्रेस के गठबंधन सहयोगियों की ओर से भी इस मुद्दे पर आपत्ति जताई गई है। अब गठबंधन सहयोगी अखिलेश यादव के बाद कांग्रेस के भीतर से भी यह स्वर उठने लगा है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में गरिमापूर्ण और जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा होती है। भाजपा प्रवक्ता ने उदाहरण दिया कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान गरिमा और अनुशासन बनाए रखने सभी की जिम्मेदारी है। सांसद त्रिवेदी ने कहा कि आज विश्व में उभरती हुई भविष्य की तकनीकों, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हालांकि भारत में यह क्षमता पहले से मौजूद थी, लेकिन कांग्रेस की सोच ने उसे उचित दिशा नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समस्या कांग्रेस के नेताओं से ज्यादा कांग्रेस के परिवार की समस्या है। एक समय भारत को "सपेरों का देश" कहा जाता था। 28 सितंबर 1955 को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा गया था कि क्या भारत को "लैंड आफ स्नेक चार्मर्स" यानी सपेरों का देश कहा जाना उचित है? तब नेहरू ने उत्तर दिया था कि उन्हें इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता, क्योंकि इससे पर्यटकों की जिज्ञासा और संतुष्टि जुड़ी है।


## एचएएल का स्पष्टीकरण: तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ



**नई दिल्ली।**

भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान तेजस के इस माह की शुरूआत में दुर्घटनाग्रस्त होने की चल रही खबरों के बीच इस स्वदेशी 'लाइट काम्बैट एयरक्राफ्ट' की निमार्ता हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अपने प्रतिक्रिया में कहा है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह जमीन पर हुई एक मामूली सी तकनीकी खराबी थी और इसकी जांच चल रही है। एचएएल के प्रवक्ता ने पोस्ट में लिखा- 'आधुनिक लड़ाकू विमानों में तेजस जेट का सुरक्षा रिकॉर्ड दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विमान सुरक्षा रिकार्डों में से एक है। मानक संचालन प्रक्रिया के तहत इस प्रकरण की जांच की जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए एचएएल वायु सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है।'

## केरल विधानसभा में ऐतिहासिक 'नेटिविटी कार्ड' विधेयक पेश



**नई दिल्ली।**

केरल सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में 'नेटिविटी कार्ड' विधेयक पेश किया। उसने इसे ऐतिहासिक और दुर्लभतम कानून बताया। राजस्व मंत्री के राजन ने विपक्षी एकीकृत लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सदस्यों की अनुपस्थिति में सदन में मूल निवास संबंधी पहचान पत्र विधेयक प्रस्तुत किया।

यूडीएफ ने शबरीमाला सोना चोरी मामले को लेकर कार्यवाही का बहिष्कार किया था। मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित कानून के तहत राज्य के निवासी मूल निवास संबंधी प्रमाण पत्र जारी होने के कारण गर्व से स्वयं को केरलवासी घोषित कर सकेंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने पिछले साल दिसंबर में राज्य में एक स्थायी, फोटो-युक्त निवास संबंधी पहचान प्रमाण पत्र शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसी भी व्यक्ति को राज्य में अपनी पहचान या निवास स्थान साबित करने के लिए संघर्ष न करना पड़े। दिसंबर में घोषित योजना को कानूनी वैधता प्रदान करने वाले विधेयक को पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। विधानसभा में विधेयक पेश करते हुए राजन ने कहा कि इसे केंद्र द्वारा संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को एकतरफा रूप से लागू करने की पृष्ठभूमि में लाया गया है।

## 'स्टालिन के असली दोस्त हैं रिश्वत और भ्रष्टाचार'



**नई दिल्ली।** टीवीके के प्रमुख विजय ने विधानसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि स्टालिन के असली दोस्त रिश्वत और भ्रष्टाचार हैं और आगामी चुनाव विजय और स्टालिन के बीच युद्ध होगा। वेल्लोर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने डीएमके सरकार को जनविरोधी और अक्षम बताया। एमके स्टालिन के इस बयान का हवाला देते हुए कि राजनीति में मुख्यमंत्री का कोई दुश्मन नहीं होता और सभी उनके दोस्त हैं, विजय ने कहा कि यदि दोस्ती की बात सही है, तो 27 सितंबर 2025 की करूर रैली में भगदड़ के बाद उनकी सभाओं को अनुमति क्यों नहीं दी गई। उन्होंने विपक्षी दलों पर एकजुट होकर उन्हें घेरने का आरोप लगाया, लेकिन दावा किया कि असली मुकाबला केवल डीएमके और टीवीके के बीच है। विजय ने बड़े नेताओं को अपनी संपत्ति और आय के स्त्रोत सार्वजनिक करने की चुनौती दी और खुद को भ्रष्टाचार के खिलाफ व्हिसलब्लोअर बताया। उन्होंने शिक्षा सुधार और सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाओं का वादा भी किया। डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने पलटवार करते हुए विजय के आरोपों को निराधार बताया।

**टीवीके प्रमुख विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को घेरा**

### अमेरिका में मचे टैरिफ घमासान के असर पर बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी'



**नई दिल्ली।** अमेरिका में टैरिफ को लेकर मचे घमासान और वहां की सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले ने पूरे देश दुनिया में हलचल मचा दी है। ट्रंप के वैश्विक टैरिफ को अदालत द्वारा रद किए जाने के बाद भारत की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी सोमवार को प्रतिक्रिया दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका द्वारा घोषित टैरिफ परिवर्तनों पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय स्थिति की समीक्षा कर रहा है और प्रतिनिधिमंडल को आगे की वाताओं के लिए निर्णय लेना होगा। वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि अभी इसके लिए कोई रोडमैप नहीं है। हालांकि, केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रस्तावित विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर एक उच्च स्तरीय समिति इस विषय और दूसरे पहलुओं पर गौर करेगी।

### भारत-यूएस डील सही रास्ते पर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अनिश्चितताएं हमेशा से रही हैं, वे आती–जाती रह सकती हैं। भारत अमेरिका के साथ डील करने के साफ रास्ते पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमने कई डील की हैं, वङ और एव इसके ताजा उदाहरण हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था आगे बढ़े और भारतीय प्रोडक्ट्स ग्लोबल मार्केट तक पहुंचें।

## देश के दुश्मनों के मंसूबों पर करारा 'प्रहार', गृह मंत्रालय ने जारी की देश की पहली आतंक रोधी नीति



**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने सोमवार को देश की पहली आतंकवाद-रोधी नीति 'प्रहार' जारी की। इसमें आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर आधारित एक बहुस्तरीय रणनीति तय की गई है, जो खुफिया जानकारी के आधार पर चरमपंथी हिंसा की रोकथाम और उसे निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों, उनके वित्तपोषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। इसमें साइबर क्राइम, ड्रोन हमलों, सीमापार आतंकवाद और जटिल सुरक्षा खतरों से निपटने की सुगठित राष्ट्रीय ढांचे का भी उल्लेख है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई नीति भारत या विदेश से उत्पन्न होने वाले आतंकी खतरों का मुकाबला करने के लिए सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है।

## कहीं गिरेंगे ओले, तो कहीं होगी बर्फबारी, 12 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।**

फरवरी के आखिरी सप्ताह में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। दिन में तेज धूप के कारण गर्मी तो रात के वक्त सर्दी का एहसास हो रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने देश 12 राज्यों में मध्य से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले 3 दिन तक दक्षिण भारत के कई राज्यों में साइक्लोनिक सकुर्लेशन के असर से आंधी-तूफान और तेज बारिश का असर देखने को मिल सकता है। वहीं, अगले चार दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है मौसम विभाग के मुताबिक, जिन राज्यों में बारिश की संभावना है

### दिल्ली-एनसीआर का मौसम

अगर बात करें दिल्ली–एनसीआर के मौसम की तो मौसम साफ रहेगा। सुबह के वक्त हल्की धुंध देखी जा सकती है। दिन में धूप खिलेगी। एक्यूआई 100 से 120 के बीच रहेगा। दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 29त्उ से 31त्उ के बीच और न्यूनतम तापमान 12त्उ से 14त्उ के बीच रहने का अनुमान है।



## संपादक की कलम से

# शंकराचार्य बनाम साधु

ति‍षि पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप अश्लील हैं कि उन्होंने और उनके शिष्य ने दो नाबालिग शिष्यों का यौन शोषण किया। जो आशुतोष ब्रह्मचारी नामक कथित साधु ने अदालत में शिकायत दर्ज की थी, वह भी एक और संन्यासी, कथित जगद्गुरु रामभद्राचार्य का शिष्य बताया जा रहा है। अदालत में जज के सामने धारा 164 के तहत नाबालिग शोषितों के बयान भी दर्ज करा दिए गए हैं। पॉक्सो की विशेष अदालत ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए हैं। चूंकि मामला पॉक्सो का है, लिहाजा बेहद संवेदनशील है। क्या शंकराचार्य को जेल भी भेजा जा सकता है? यदि ऐसा हुआ, तो बड़ा धार्मिक वज्रपात होगा, क्योंकि शंकराचार्य कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि सनातन के शिखर-पुरुष हैं, सर्वोच्च धर्मगुरुओं में शामिल हैं। जिस साधु-संत के असंख्य श्रद्धालु हैं, उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जिन्हें भगवान मान कर प्रणाम करते हैं, एक और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, शंकराचार्य के ही, बटुकों की शिखा खींचने को महापाप करार देते हैं और अपने आवास पर बटुकों का सम्मान करते हैं, उसी शख्स के शंकराचार्य होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सवाल उठाए थे। आश्चर्य है कि उप्र में यह क्या हो रहा है? हिंदुत्व और सनातन की कट्टर समर्थक, पैरोकार भाजपा की सरकार में सनातन-पुरुष पर ही घमासान क्यों मचा है? जो अभी तक शंकराचार्य हैं, जिनके पदनाम पर सर्वोच्च अदालत ने अभी तक कोई फैसला नहीं सुनाया है, जो शंकराचार्य सनातन के शिखर संतों में एक हैं और आदि शंकराचार्य की प्रतिमूर्ति हैं, उन्हें ही दुराचारी और बलात्कारी करार क्यों दिया जा रहा है? इन आरोपों की तुलना आसाराम बापू के केस से नहीं की जा सकती, क्योंकि उसमें बलात्कार की निरंतर पीड़िता नाबालिग कन्या के परिजनों ने भी शिकायतें दर्ज कराई थीं। मीडिया के सामने आकर दुष्कर्म-कथा सुनाई थी। आसाराम को भगवान मानने वालों की भी कमी नहीं थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तक उनके भक्त थे। मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी की आस्था, श्रद्धा भी उनके प्रति थी। आसाराम कई सालों से जेल में हैं। बीते दिनों स्वास्थ्य आधार पर उन्हें अंतरिम जमानत दी गई थी। क्या शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद भी यौनाचारी हैं अथवा शंकराचार्य पद की लड़ाई यौन शोषण तक मोड़ दी गई है? देश के तीन और शंकराचार्य तथा बड़े मठाधीश साधु-संत, महामंडलेश्वर और समूचे अखाड़े खामोश क्यों हैं? यह प्रहार किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सनातन धर्मगुरु पर किया गया है। यह पारदर्शी और स्पष्ट होना चाहिए। यदि आरोप फर्जी और बेबुनियाद हैं, तो शिकायतकर्ता को नहीं बख्शना चाहिए। सवाल है कि पीड़ित नाबालिगों के माता-पिता कहां हैं और उनके बयान सामने क्यों नहीं आए हैं? ऐसा लगता है कि यह लड़ाई शंकराचार्य और रामभद्राचार्य सरीखे साधुओं के दरमियान है, क्योंकि दोनों ही एक-दूसरे पर बयान-कीचड़ फेंक रहे हैं। क्या साधु-संन्यासी होने के बाद भी ऐसी खुन्नस, ईर्ष्या, विद्वेष के भाव रहने चाहिए? लानत है। दरअसल यौन शोषण को एक मुद्दा बना लिया गया है। महाकुंभ के दौरान तो सरकार इसी शंकराचार्य के पांव में पलक-पांवड़े बिछा रही थी। माघ मेले के दौरान शंकराचार्य और उप्र प्रशासन के बीच विवाद पैदा किए गए। उसी का निष्कर्ष यौन शोषण का आरोप लगता है। दरअसल जिस कथित महाराज ने शंकराचार्य पर यौनाचार के आरोप लगाए हैं, उनका अपना जीवन आपराधिक रहा है। उस पर 21 केस या तो अदालत के विचाराधीन हैं अथवा कुछ निपट गए हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## डॉ. प्रियंका सौरभ



### नन्हे ढोल

कविता

नन्हा ढोल गले में आया,
ढम-ढम करके गीत सुनाया।

टुन-टुन, ढम-ढम धुन बजाते,
आँगन भर में रौनक लाते।

छोटे हाथों ने जब बजाया,
आँगन सारा तब हर्षाया।

एक बच्चा आगे-आगे चला,
दूजा उसके संग में चला।

कदम-कदम पर ताल मिलाई,
खुशियों की धुन सबने पाई।

हँसी बिखेरी, खेल रचाया,
नन्हे मन ने रंग जमाया।

ढोल बजे तो मन लहराया,
हर चेहरा खिल-खिल मुस्काया।

नन्हे कदम जब ताल मिलाएँ,
घर-परिवार में खुशियाँ छाएँ।

मिल-जुल कर खुश रहना रे,
मासूम बचपन का सपना रे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मुफ्त रेवड़ी संस्कृति जीवंत लोकतंत्र के लिये घातक




भारतीय लोकतंत्र की विडंबना यह है कि चुनाव आते ही जनसेवा का स्वरूप बदलकर जनलुभावन राजनीति में परिवर्तित हो जाता है। राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनावी सफलता का शॉर्टकट बना लिया है। मतदाताओं को तात्कालिक आर्थिक लाभ देकर वोट हासिल करने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। आगामी तीन-चार माह में विधानसभा चुनाव होने है, इसी संदर्भ में जब असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुईं, तब इस संस्कृति का प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देने लगा। इसी पृष्ठभूमि में देश की शीर्ष अदालत, सर्वोच्च न्यायालय, ने मुफ्त की योजनाओं के अनियंत्रित विस्तार पर गंभीर टिप्पणी की। यह टिप्पणी केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को लेकर एक चेतावनी है।

लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि मानी जाती है। यदि मतदाता को परोक्ष रूप से आर्थिक प्रलोभन देकर प्रभावित किया जाता है, तो यह स्वतंत्र निर्णय की भावना को कमजोर करता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने तार्किक प्रश्न उठाया कि राज्य रोजगार सृजन और कौशल विकास पर अधिक ध्यान क्यों नहीं देते? वास्तव में रोजगार ही स्थायी सशक्तीकरण का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आय अर्जित करता है, तब उसमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों विकसित होते हैं। इसके विपरीत, निरंतर मुफ्त सुविधाएं व्यक्ति को निर्भर बनाती हैं। धीरे-धीरे परिश्रम की संस्कृति कमजोर पड़ती है और समाज में अकर्मण्यता की मानसिकता पनपने लगती है। यह स्थिति लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए खतरनाक है, क्योंकि लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का नाम है। चुनाव पूर्व घोषित योजनाओं की निष्पक्षता भी प्रश्नों के घेरे में है। जब आचार संहिता लागू रहने के दौरान बड़े पैमाने पर आर्थिक वितरण होता है, तो विपक्षी दल इसे असमान प्रतिस्पर्धा मानते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निगरानी की जिम्मेदारी भारत का निर्वाचन आयोग पर आती है। निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी दल मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रिश्वत देकर चुनावी लाभ न ले। आचार संहिता का उल्लंघन केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मयार्दा का हनन है। यदि इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा सकती है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें। यह भी समझना होगा कि मुफ्त योजनाओं का हर स्वरूप गलत नहीं है। आपातकालीन परिस्थितियों में राहत देना, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय सहायता पहुंचाना, सामाजिक न्याय के तहत वंचित वर्गों को अवसर देना-ये सब राज्य की जिम्मेदारी है। परंतु चुनावी मौसम में अचानक घोषणाओं की बाढ़ आ जाना और दीर्घकालिक वित्तीय परिणामों की अनदेखी करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत नहीं है। यह राजनीतिक दलों के वैचारिक दिवालियेपन को दशार्ता है, जहां दूरदृष्टि की जगह तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सजगता से भी आती है। यदि मतदाता केवल तात्कालिक लाभ देखकर मतदान करता है, तो वह अनजाने में ऐसी संस्कृति को प्रोत्साहित करता है जो अंततः उसी के भविष्य को प्रभावित करती है। परिपक्व मतदाता वही है जो घोषणाओं के पीछे की मंशा और आर्थिक व्यवहार्यता को समझे। वह यह पूछे कि पांच साल बाद राज्य की आर्थिक स्थिति क्या होगी, विकास की दिशा क्या होगी और रोजगार के अवसर कितने बढ़ेंगे। लोकतंत्र में वोट केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।

आज भारत स्वयं को वैश्विक मंच पर एक सशक्त लोकतंत्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। हम विश्वगुरु बनने का संकल्प लेते हैं, लेकिन यदि हमारी राजनीति लोकलुभावनवाद के जाल में उलझी रहेगी, तो यह संकल्प खोखला सिद्ध होगा। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव तभी सार्थक है जब हमारी नीतियां दूरदर्शी, संतुलित और टिकाऊ हों। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकलकर उत्पादकता, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना ही वास्तविक प्रगति का मार्ग है। यह समय आत्ममंथन का है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि जनता को सशक्त बनाना केवल धन बांटने से संभव नहीं है। शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार-ये चार स्तंभ किसी भी राष्ट्र की मजबूती तय करते हैं। यदि इन पर निवेश बढ़ेगा, तो नागरिक आत्मनिर्भर बनेंगे और राज्य पर बोझ कम होगा। वहीं, नागरिकों को भी यह ठानना होगा कि वे तात्कालिक प्रलोभनों के बजाय दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देंगे। लोकतंत्र की सुदृढ़ता तभी सुनिश्चित होगी जब शासन और जनता दोनों अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। निस्संदेह, चुनावी निष्पक्षता के लिये यह आवश्यक हो गया है कि चुनाव से पहले घोषित की गई या लागू की गई लोकलुभावनी नीतियों व योजनाओं की गहन पड़ताल की जाए। विपक्षी दलों द्वारा बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया था कि पिछले साल अक्तूबर में आचार संहिता लागू रहने के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 15,600 करोड़ रुपये दिए गए थे। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध कदम था। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अपरोक्ष रूप से रिश्वत देने के प्रयासों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही इस दिशा में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में कार्रवाई भी करनी चाहिए। निर्विवाद रूप से चुनाव प्रक्रिया में कोई भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाना हमारे जीवंत लोकतंत्र के लिये हानिकारक है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की प्रवृत्ति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती है। यह कार्य करने की मानसिकता को बाधित करती है और समाज में सरकार-निर्भरता एवं अकर्मण्यता की संस्कृति को जन्म देती है। यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आर्थिक असंतुलन और राजनीतिक अविश्वास दोनों बढ़ेंगे। इसलिए आवश्यक है कि नीतियों की पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और चुनावी निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यही लोकतंत्र की वास्तविक रक्षा है, यही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।



ललित गर्ग

# एडीएम के निरीक्षण से थरार्या गंगापुर सिटी में अवैध बना दस मंजिला व्योम टॉवर



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया
एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
हिन्दुस्तान शिवसेना मो न-
9811371054=9818951279





**वेलकम इंडिया**

सवाई माधोपुर जिले के उप खण्ड गंगापुर सिटी शहर के आदर्श नगर में एसबीआई बैंक के पास बना लगभग 10 मंजिला अवैध व्योम टॉवर एडीएम एवं वर्तमान नगर परिषद के कार्यवाहक प्रशासक सुदर्शन तोमर के निरीक्षण के बाद थरथरा उठा और इस अवैध बिल्डिंग के भू स्वामी रंगलाल मीना और उनकी पत्नी सुमन देवी के होश उड़ गये, प्राप्त जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने जनहित में आमजनता गंगापुर सिटी की ओर से माननीय सिविल न्यायधीश के न्यायालय में इस अवैध निर्माण के खिलाफ एक दावा दायर किया हुआ है जिसमें सुनवाई विचाराधीन है नगर परिषद से भू तल सहित मात्र प्रथम एवं द्वितीय तल पर भू निर्माण की स्वीकृति के बावजूद इसे संबंधित नगर परिषद के अधिकारियों की मिली भगत से लगभग दस मंजिलों तक अवैध बेसमेंट सहित बना दिया गया है, कोर्ट के आदेश के बाद गंगापुर सिटी के एडीएम एवं नगर परिषद के वर्तमान प्रशासक सुदर्शन तोमर ने इस बहुमंजिला अवैध बनी इमारत का नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निरिक्षण कर जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार की, एडीएम के अचानक किये गये निरीक्षण से व्योम टॉवर थर्रा उठा जहां निरीक्षण में प्रत्येक मंजिल का निरीक्षण करके जायजा लिया गया और इसमें अवैध एवं अनैतिक निर्माण पाया गया वहीं निरीक्षण में देखा गया कि इस अवैध निर्माण का कार्य सुचारू रूप से जारी था साथ ही बिल्डिंग के बाहर निर्माण सामग्री एवं बांस बल्लियां डाली हुई थी जिससे यातायात व्यवस्था में भी अवरुद्ध पैदा हो रहा था जिसको भी एडीएम ने मौके पर हटाने के आदेश दिए अचानक हुई इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले भूमाफियाओं की बत्ती गुल होती हुई दिखाई दे रही है एडीएम के निरीक्षण की जब लाइव वीडियो रिपोर्ट एक पत्रकार के द्वारा अपने चैनल पर चलाई गई तो इस अवैध निर्माण के मालिक रंगलाल मीना द्वारा पत्रकार को जान से मारने एवं हाथ पैर तोड़ने सहित झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे डाली जिस पर पीड़ित पत्रकार उत्तम कुमार मीना द्वारा एडीएम गंगापुर सिटी सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायतें देकर कार्यवाही की मांग की है पत्रकार के साथ हुई इस घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकार भी लामबंद हो गए है क्योंकि इस अवैध निर्माण के मालिक रंगलाल मीणा द्वारा पूर्व में भी वन्दे राजस्थान के पत्रकार शैलेन्द्र शर्मा एवं आमजनता की ओर से कोर्ट में केस लड़ रहे अधिवक्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भैया को भी कोर्ट से केस वापिस लेने और उसकी अवैध बिल्डिंग (व्योम टॉवर) के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करने अन्यथा जान से मारने व झूठे केस में फंसाने आदि की धमकियां दी जा चुकी है जिस पर कार्यवाहियां अभी विचाराधीन है एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर (राजा भैया) ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ है वह अपनी जान हथेली पर लेकर फील्ड में खबरों का संकलन करते है और उन्हें जनता तक पहुंचाते हैं लेकिन गंगापुर सिटी में जिस तरह भूमाफियाओं द्वारा पत्रकारों को धमकियां दी जा रही है उस पर पुलिस प्रशासन को तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करनी चाहिए और जो कि कानून सम्मत भी है साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन कभी पराजित नही हो सकता कानून के सामने अवैध निर्माण कताओं के गलत मंसूबे कभी पूरे नही हो सकते है पत्रकारों को धमकाने से यह व्योम टॉवर या शहर में बनी बाकी की अवैध बहुमंजिला इमारतें बच नहीं सकती है सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार जल्द ही अवैध निर्मित व्योम टॉवर प्रशासन द्वारा धराशाही किया जाने वाला है और नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों पर भी गाज गिरनी निश्चित है।

# 316 समूहों को मिला 4.54 करोड़ का बूस्टर: डीएम ने 3500 महिलाओं को बनाया एंबेसडर

वेलकम इंडिया गुलजार आलस

**रामपुर।** भारत गार्डन में उमड़ा मातृ शक्ति का सैलाब, 316 महिला समूहों को स्वावलंबन के लिए मिला करोड़ों का फंड बीडीओ को ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाएं कराने के निर्देश, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में एक दिवसीय विशाल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जिले भर से आईं करीब 3,500 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में महिलाओं को



स्वरोजगार से जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये का फंड भी वितरित किया गया। कार्यशाला को व्यापक रूप देने के लिए जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत से पांच-पांच महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिसमें लगभग 3,000 से 3,500 महिलाओं ने भारी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए उन्हें अपनी-अपनी ग्राम पंचायत का श्एंबेसडरश (राजदूत) घोषित किया। उन्होंने अपील की कि ये सभी एंबेसडर महिलाएं अपने गांवों में जाकर ऐसी ही कार्यशालाएं आयोजित करें और अन्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। गांवों में भी लगेंगी चौपाल, बीडीओ को मिले कड़े निर्देश योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठी महिला तक पहुंचे, इसके लिए डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देशित किया है कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर भी इसी तरह की जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करें। कार्यक्रम में बांटी गई बुकलेट का जिक्र करते हुए डीएम ने कहा कि महिलाएं इसका गहराई से अध्ययन करें और इसमें दिए गए हेल्पलाइन नंबरों को जनसामान्य तक पहुंचाएं। 316 महिला समूहों को मिला 4.54 करोड़ का बूस्टर डोज महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यक्रम के दौरान बड़ा कदम उठाया गया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जिले के 275 सीआईएफ (कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड) समूहों को 4.42 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही 41 आरएफ (रिवॉल्विंग फंड) समूहों को भी 12.50 लाख रुपये की धनराशि दी गई। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी अहम योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने श्मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाश का विशेष रूप से जिक्र करते हुए बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता या किसी एक अभिभावक का निधन हो गया है।

# निमार्णाधीन पार्क एवं ओपन जिम का डीएम ने किया निरीक्षण

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने सोमवार को नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत पकड़ी चौराहा स्थित निमार्णाधीन पार्क एवं ओपन जिम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। जिलाधिकारी ने पार्क में बच्चों के लिए झूले तथा आमजन के लिए एक्सरसाइज उपकरण (ओपन जिम) स्थापित कराने के भी निर्देश दिए, ताकि स्थानीय नागरिकों को बेहतर



मनोरंजन एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, संबंधित अवर अभियंता (जेई) आशीष सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खेत में चारा काटने गई महिला से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज आरोपी फरार

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नांगल सोती थाना अंतर्गत एक गांव में खेत से चारा काटने जा रही महिला के संग एक युवक ने दुष्कर्म किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपित उसे धमकी देकर वहां से भाग निकला। बदहवास हालत में घर पहुंची पीड़िता ने पति को आपबीती सुनाई जिसके बाद पीड़िता ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौड़ के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पड़ोसी विक्की के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि विगत 19 फरवरी की शाम वह अपनी पालतू गाय के लिए खेत में चारा काट रही थी। आरोप है कि अकेला देखकर उसका पड़ोसी उसके पास पहुंचा

महिला ने बताया कि वह बदहवाश हालत में घर पहुंची। फिर उसने पति को जो बाहर रहकर नौकरी करता है कों कॉल कर पूरी घटना बताई। वारदात की उसी शाम पीड़िता पति के संग थाने पहुंची। जहां उसने पड़ोसी पर



दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। नांगल थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल, तहरीर के आधार पर पड़ोसी के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, महिला का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि होगी। फिलहाल, फरार पड़ोसी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है और अश्लील हरकत करने लगा। जब वह कुछ भांप पाती, तब तक आरोपित उसका बाल पकड़कर खींचते हुए गन्ने के खेत में ले गया। जहां, आरोपित पर चोरी का इल्जाम लगाने की धमकी देते हुए जोर जबरदस्ती की और दुष्कर्म किया। महिला के शोर मचाने पर गांव का एक युवक वहां पहुंच गया। इसके बाद आरोपित पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं प्रजाति बदलाव हेतु जागरूकता अभियान रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं प्रजाति बदलाव हेतु जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पी०एन० सिंह, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक विकास मलिक, उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र मलिक एवं डेवलपमेंट हैड इन्द्रवीर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में दो प्रचार वाहनों सहित लगभग 50 गाड़ियों के काफिले ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर उपरोक्त अधिकारियो सहित चीनी मिल गन्ना प्रबंधक सहित विभाग एवं चीनी मिल के 50 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य उद्देश्य 'लाल सड़न' का उन्मूलन, रैली का प्राथमिक उद्देश्य किसानों को रोगग्रस्त उङ्क 0238 प्रजाति के स्थान



पर नई और उन्नतशील प्रजातियों को अपनाने हेतु प्रेरित करना था। विभाग द्वारा निम्नलिखित प्रजातियों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया उन्नत किस्में उङ्क 0118, उङ्कर 13235, उङ्करी 17231, उङ्कर 18231, उङ्कर 19231, उङ्कछह्य 16202, उङ्कछह्य 14201, जलभराव वाले क्षेत्रों हेतु उङ्क 98014 तकनीकी निर्देश एवं यंत्रीकरण रैली के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बीज चयन किसान उपलब्ध प्रमाणित बीज की जानकारी एसजीके पोर्टल पर देख सकते हैं। अस्वीकृत एवं अवांछित गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने की सलाह दी गई। बीज एवं मृदा शोधन बुवाई के समय खेतों में ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग और बीज को थायोफि नेट मिथाइल से शोधित करने का आह्वान किया गया। आधुनिक कृषि यंत्र किसानों को मशीनीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल स्टाफ की गन्ना बुवाई एवं गन्ना बीज की समीक्षा की एवं चीनी मिल प्रबंधन को कड़े निर्देश दिए कि किसानों के खातों में गन्ना बीज का अग्रिम शीघ्र भेजा जाए ताकि बुवाई कार्य में कोई बाधा न आए।

# समाज को बांटने वाली फिल्मों पर तुरंत लगें प्रतिबंध - बसपा पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी न घूसखोर पंडित जैसी मूवी के पक्ष में है और न ही यादव जी के लव स्टोरी के पक्ष मे है समाज को बांटने वाली ऐसी किसी भी मूवी का कभी सपोर्ट नहीं करती है। फेमस होने के लिए इतना भी मत गिर जाओ की समाज बट जायें। ऐसी फिल्मों पर बसपा कडा विरोध करती है।

उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा समाज को बांटने वाले किसी भी फिल्म पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए इस को लेकर सर्व समाज चिन्तित हो रहा है केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए साथ ही साथ फिल्मों के निमार्ता



निर्देशक को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी जिससे सर्व समाज में किसी भी तरह से आपसी भाईचारा खराब ना हो बहुजन समाज पार्टी हमेशा समतामूलक समाज की असथापना करने के लिए बसपा सरकार जरूरी है।

# बिजनौर में भाकियू (टिकैत) की महापंचायत, सरकार पर गरजे राकेश टिकैत

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर की तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सैदपुर माफी में शुक्रवार, 21 फरवरी 2026 को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की भव्य महापंचायत का आयोजन किया गया। यह महापंचायत बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों की सीमाओं के समीप आयोजित की गई, जिसमें तीनों जनपदों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर किसानों और पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच पर पहुंचते ही किसानों ने जोरदार नारेबाजी कर अपने नेता के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

अपने संबोधन में राकेश टिकैत ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मूलभूत समस्याओं को




लगातार नजरअंदाज कर रही है। खाद, बीज, बिजली, पानी, गन्ना भुगतान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और फसल बीमा जैसी योजनाओं का लाभ किसानों तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आज भी अपनी मेहनत का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में अधिक रुचि ले रही है। राकेश टिकैत ने स्पष्ट कहा कि जब तक किसानों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। महापंचायत में उपस्थित किसानों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। गन्ना भुगतान में देरी, सिंचाई संकट, बिजली कटौती, बढ़ती महंगाई और फसलों के उचित दाम न मिलने को लेकर किसानों ने नाराजगी जाहिर की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में भाकियू के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय किसान नेता तथा आसपास के गांवों से आए हजारों किसान मौजूद रहे।

# बिजनौर में अवैध आधार नामांकन व संशोधन करने वाले सीएससी निरस्त

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर** ।जिलाधिकारी अधिकारी जसजीत कौरने बताया कि नगीना एवं हल्दौर क्षेत्रों में अवैध रूप से आधार कार्ड नामांकन एवं संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। नगीना क्षेत्र में नायब तहसीलदार द्वारा जांच में पाया गया कि तहसील गेट के पास एक जनसेवा केंद्र पर बिना अनुमति ऑनलाइन आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित मशीन एवं अभिलेख तत्काल जब्त कर लिए गए और अग्रिम जांच हेतु लखनऊ स्थित यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दिए गए। दूसरे प्रकरण में हल्दौर स्थित पेट्रोल पंप के पास संचालित जन सेवा केंद्र पर अवैध रूप से आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य किए जाने की शिकायत पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, नायब तहसीलदार सदर तथा डिस्ट्रिक्ट



मैनेजर सीएससी द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में बिना अधिकृत अनुमति के आधार नामांकन एवं संशोधन कार्य किया जाना पाया गया। साथ ही प्रति व्यक्ति 300 से 500 रुपये तक वसूली किए जाने की भी पुष्टि हुई। निदेर्शों के अनुपालन में संबंधित जन सेवा केंद्रों के संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है तथा जब्त अभिलेखों को विस्तृत जांच के लिए यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ को प्रेषित किया गया है।

# सारा विद्यालय परिसर में मैक्सटॉप स्कालरशिप अवार्ड सेरेमनी एवं जेई मेन्स फीलिंन्सिंटेशन समारोह का भव्य आयोजन



(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी** :- सन्त अतुलानन्द रेजिडेंसियल एकेडमी होलापुर शिवपुर स्थित सारा विद्यालय परिसर में मैक्सटॉप स्कालरशिप अवार्ड सेरेमनी एवं जेई मेन्स फीलिंन्सिंटेशन समारोह का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना तथा उनकी उपलब्धियों को सराहना था समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश रविंद्र जायसवाल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया उन्होंने कहा कि छात्र ही देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता पूरे समाज के लिए गौरव का विषय हैं अपने उद्बोधन में उन्होंने विशेष रूप से अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को रसोई के कार्य में मत उलझाइए और बेटों को समय से पहले व्यापार में मत लगाइए, बल्कि उन्हें पूरी स्वतंत्रता के साथ पढ़ने दीजिए उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान समय में लगभग 85 प्रतिशत शिक्षा निजी विद्यालयों में हो रही है और अब बच्चे विदेश जाने के बजाय अपने अभिभावकों के साथ रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी परंपरा पहले आपको भोजन कराएँगे, फिर स्वयं ग्रहण करेंगे जैसी सेवा एवं समर्पण की भावना को दशार्ती है। मैक्सटॉप स्कॉलरशिप के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं छात्रवृत्ति प्रदान की गई इसके साथ ही जेई मेन्स परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विशेष सम्मान किया गया विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एक ही मंडप में 11 बेटियों के सपनों को मिला आसमान, रामपुर बना खुशियों का साक्षी

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब रामपुर रॉयल ने 11 कन्याओं के विवाह का भव्य आयोजन कर शहर को भावुक कर देने वाला दृश्य दिया। यह सिर्फ एक सामूहिक विवाह नहीं था, बल्कि 11 परिवारों की उम्मीदों, आशीर्वाद और नई शुरूआत का उत्सव था।

समारोह की शुरूआत रंगोली मंडप से 11 दूल्हों की भव्य बारात के साथ हुई। शहर विधायक आकाश सक्सेना ह्यहनी भाईह्ल ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर बारात को रवाना किया। जैसे ही बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की गूंज उठी, पूरा माहौल उत्सव में बदल गया। बारात स्टेट बैंक, राजद्वारा, मिस्टन गंज, चौकी हाजियानी से होते हुए सराय गेट के रास्ते उत्सव पैलेस पहुंची। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। सजी-धजी बग्गियों पर विराजमान दूल्हों का रूप सचमुच देवताओं सा प्रतीत हो रहा था। क्लब के सदस्य पूरे जोश के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे, मानो शहर की हर सड़क इस खुशी में शामिल हो गई हो।

उत्सव पैलेस पहुंचने पर क्लब की महिला सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात का स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुआ बहुप्रतीक्षित जयमाला कार्यक्रम। 11 दुल्हनों का आकर्षक श्रृंगार सरिता विश्नोई द्वारा किया गया था, जिससे वे स्वर्ग की अप्सराओं सी दमक रही थीं। महिला सदस्य एक-एक कर दुल्हनों को मंच पर ला रही थीं और जैसे ही जयमाला की रस्म पूरी होती, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता। कार्यक्रम में संरक्षक पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना, विशिष्ट अतिथि के रूप में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय सिसोदिया, पंकज बिजलवान, आदित्य गुप्ता ने शामिल होकर सभी वर बधू को आशीर्वाद दिया। मंच पर विराजमान 11 नवविवाहित जोड़ों को शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों ने आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट किए। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंहल एवं डॉ. मुक्ता सिंहल ने एक कन्या का विधिवत कन्यादान कर पुण्य अर्जित किया। विदाई का पल आते ही माहौल भावुक हो उठा। भीगी पलकों और भर्राए गलों के बीच बेटियों को घरेलू उपयोगी और आवश्यक सामान देकर ससम्मान विदा किया गया। यह दृश्य हर किसी की आंखें नम कर गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष सोमेश अग्रवाल, सचिव राजेश गोयल और कोषाध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अंकित रस्तोगी ने प्रभावशाली अंदाज में किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शलभ गोयल ने की। इस अवसर पर दीपक गोयल, सुमित अग्रवाल, दीपक जिंदल, पारस जिंदल, शंकर केडिया, सरदार रणजीत सिंह, कुमोद जिंदल, नितिन गोयल, सौरभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील भगत, इंद्रजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एक ही मंडप में 11 बेटियों के हाथ पीले होते देख रामपुर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब समाज साथ खड़ा होता है, तो हर बेटी का घर बसता है और हर आंगन में खुशियां खिल उठती हैं।



# दिल्ली में आयोजित आईएमसी द्वितीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली**। दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की गरिमामयी उपस्थिति में इंडियन मीडिया कांग्रेस (आईएमसी) तथा ऑर्गनाइजेशन ऑफ यूनाइटेड वर्किंग जर्नलिस्ट्स (ओयूडब्ल्यूजे) द्वारा आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन 20 फरवरी 2026, शुक्रवार को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में भव्य रूप से संपन्न हुआ।केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने एवं राष्ट्र निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जागरूक जनचर्चा को सुनिश्चित करें और समाज के समक्ष सत्य को निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करें। पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पवित्र मोहन सामंतराय, मुख्य सलाहकार, ने की। इस अवसर पर संजय दास (अध्यक्ष), रजनीकांत सामंतराय (उपाध्यक्ष), प्रद्युम्न दास (महासचिव), प्रसन्न प्रुस्ती (कोषाध्यक्ष), कमलकांत दास (संपादक), हिमत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकांक्षा ने किया।सम्मेलन में मीडिया उद्योग के समक्ष उपस्थित समकालीन चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आईएमसी और ओयूडब्ल्यूजे द्वारा कार्यरत पत्रकारों के हितों एवं कल्याण की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।अंत में वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रुस्ती ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# जिलाधिकारी ने कमेड़ी अवशीतन केंद्र, क्षेत्रपाल सहकारी समिति व आंचल आउटलेट का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद में दुग्ध उत्पादन एवं विपणन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दुग्ध अवशीतन केंद्र कमेड़ी, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति क्षेत्रपाल तथा विकास भवन स्थित आंचल आउटलेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संचालन व्यवस्था, स्वच्छता, भुगतान प्रणाली और आय सृजन की संभावनाओं की समीक्षा की।दुग्ध अवशीतन केंद्र कमेड़ी में जिलाधिकारी ने केंद्र के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए दो पीआरडी जवानों की तैनाती के लिए डीओ पीआरडी को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु डेयरी विभाग को जिला प्रशासन द्वारा उचित सहयोग देने का भरोसा दिया। जिलाधिकारी ने केंद्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि गुणवत्तापूर्ण दुग्ध संग्रहण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चारा नर्सरी के विकास को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आवश्यक तकनीकी एवं संसाधनात्मक सहयोग उपलब्ध कराने तथा समिति के पात्र सदस्यों को रीप योजना के अंतर्गत ह्यअल्ट्रा पुअर पैकेजह्ल से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए। क्षेत्रपाल स्थित दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति में जिलाधिकारी ने महिला दुग्ध उत्पादकों से संवाद कर उनकी आय, भुगतान व्यवस्था एवं अन्य समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दुग्ध उत्पादकों को रियल टाइम भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध भुगतान से महिला उत्पादकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और दुग्ध उत्पादन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जिलाधिकारी ने विकास भवन स्थित आंचल आउटलेट का भी निरीक्षण किया।

## धर्म के नाम पर गुंडागर्दी: सब्जी बेचने पहुंचे युवक को पीटा, रिक्शा नाले में फेंका, नकदी लूटी

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ**। थाना किठौर क्षेत्र के सादुल्लापुर बांगर गांव में धर्म के नाम पर दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव में सब्जी बेचने पहुंचे एक युवक के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उसका रिक्शा नाले में धकेल दिया गया और जेब से नगदी भी छीन ली गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, महलवाला निवासी अब्दुल बासिद पुत्र सलीमुद्दीन रोज की तरह सोमवार को सादुल्लापुर बांगर में सब्जी बेचने गया था। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे गांव का ही एक युवक उसके पास पहुंचा और धर्म व जाति को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने लगा। आरोप है कि युवक ने यह कहते हुए उसे गांव में सब्जी न बेचने की धमकी दी कि यहां तुम्हारे जैसे लोगों का कारोबार नहीं चलेगा। विरोध करने पर आरोपी ने जबरन उसका रिक्शा पकड़ लिया और देखते ही देखते उसे पास के नाले में धकेल दिया। इतना ही नहीं, सब्जी विक्रेता की पिटाई कर उसकी जेब में रखी नगदी भी निकाल ली। अचानक हुई इस घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना से आहत पीड़ित सीधे थाना किठौर पहुंचा और पूरी आपबीती पुलिस को सुनाई। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। गांव में इस घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण बताया जा रहा है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

# कौसानी में 12वीं हिमालयन लैंडस्केप एवं एस्ट्रो फोटोग्राफी वर्कशॉप की पहली संध्या संपन्न

**वेलकम इंडिया**



कौसानी, पूरन दोसाद, कौसानी में आयोजित 12वीं हिमालयन लैंडस्केप एवं एस्ट्रो फोटोग्राफी वर्कशॉप की पहली संध्या ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही। इस अवसर पर प्रसिद्ध फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह ने ह्लद मेकिंग ऑफ लैंडस्केपह्व विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को लैंडस्केप फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत कराया तथा फोटोग्राफी के इतिहास पर भी प्रकाश डाला।संध्या सत्र में जयपुर के प्रसिद्ध एस्ट्रो फोटोग्राफर उमेश गोगना ने ह्लहाउ टू क्लिक एस्ट्रो फोटोग्राफीह्व विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को एस्ट्रो फोटोग्राफी की तकनीकी जानकारियाँ प्रदान कीं तथा रात्रिकालीन सत्र में मिल्की वे की फोटोग्राफी का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह वर्कशॉप फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए ज्ञान और अनुभव का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रही है।इस दौरान फोटोग्राफी वर्कशॉप में सभी प्रतिभागियों में काफी उत्साह नजर आया।

# आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर**/होली रमजान ईद त्यौहारों को लेकर रामघाट थाना प्रांगण पीस कमेटी की थाना प्रभारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान सम्भ्रांत लोगों की बैठक संपन्न हुई बैठक में थाना प्रभारी ने प्रशासन के निर्देशों को अवगत कराते हुए शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाने के अपील की बैठक में थाना प्रभारी संदीप सिंह ने कहा कि अपने अपने होली रमजान ईद के त्यौहारों को प्रेम पूर्वक भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण मानाएं होली का त्यौहार एक ऐसा त्यौहार है जो पुरानी रंजिश मतभेदों को भुलाकर शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ से मनाया जाता है। किसी व्यक्ति ने होली के त्योहार पर हुड़दंग मचाकर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो शिकायत मिलने पर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी शराब पीकर किसी व्यक्ति को गाली गलौज की शिकायत मिलने किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और किसी व्यक्ति के ऊपर फेंककर रंग ना डालें और ना ही जबरदस्ती रंग लगाएं बैठक में डॉ सुरेंद्रानंद गिरी महामंडलेश्वर भाजपा नेता सत्यवीरसिंह यादव दुर्गेश शर्मा प्रधान लक्ष्मन शर्मा महेंद्र सिंह प्रधान इंद्रपाल सिंह यादव अजब सिंह लोधी अशरफ उर्फ गुड्डू खां राकेश यादव भगतजी श्याम सुंदर शर्मा हिमांशु शर्मा महेश पाठक शिव शंकर शर्मा शिवम भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।


## फोन पर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर फोन कर पूरे परिवार को जान से मारने तथा दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी सतबीर पुत्र देवी सिंह ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि उसके पुत्र रितिक के मोबाइल फोन पर गांव के ही संजय उर्फ सुरज पुत्र सतपाल ने फोन करते हुए पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह आगामी 26 और 27 फरवरी को गांव में आएगा और परिवार को जान से मार देगा। साथ ही उसने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है।पीड़ित का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है तथा उसके खिलाफ पूर्व में एक युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज हो चुका है। धमकी के बाद से परिवार में भय का माहौल है। पीड़ित व्यक्ति ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# वाराणसी में उमड़ा श्याम भक्तों का सैलाब, फागुन महोत्सव में गूंजे जयकारे

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी** :- फागुन महोत्सव के अवसर पर श्रीश्याम मंडल की ओर से लक्सा स्थित श्रीश्याम मंदिर में भव्य आयोजन किया गया ` मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया जहां लीलाधर की मनोहारी झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया` रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालु पूरी रात श्याम भक्ति में लीन रहे। भजन संध्या में चालो रे खाटू धाम, कीर्तन की है रात बाबा थाने आनो पडसी जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दियो` कीर्तन मंत्री चंदन तोदी, राजेश तुलस्यान, श्याम सुंदर गाड़ोदिया, संदीप शर्मा कानून, संजय शर्मा और सुशील गाड़ोदिया ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दीं` संस्था के मंत्री पवन कुमार अग्रवाल ने निशान पूजन किया जबकि प्रभु की आरती संजय पुजारी ने उतारी` श्री श्याम मंडल ट्रस्ट के मंत्री राजेश तुलस्यान, अध्यक्ष दीपक तोदी, मंत्री पवन कुमार अग्रवाल एवं प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान ने भक्तों को निशान प्रदान कर ध्वजा यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद संदीप दुबे, संदीप शर्मा कानू के संयोजन में भव्य श्याम ध्वजा शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा गिरजाघर, गोदौलिया, बांसफाटक, चौक, बुलानाला, मैदागिन, कबीरचौरा, लहुराबीर और मलदहिया होते हुए शाम को कैंट स्टेशन पहुंची पूरे मार्ग में बैंड-बाजों पर श्याम नाम की धुन गूंजती रहीं` सैकड़ों महिला-पुरुष एवं बच्चे हाथों में श्याम निशान ध्वजा लेकर हो जाओ तैयार खाटू जाने के लिएऔर शीश के दानी श्याम जैसे भजनों पर झूमते नजर आऐ सजाए गए रथ पर श्याम प्रभु की फूलों से सजी अलौकिक झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

# आर्थिक तंगी से परेशान माली ने फांसी लगाकर दी जान

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद**। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद) में सोमवार की सुबह आर्थिक तंगी से परेशान राकेश सैनी उर्फ पप्पू उम्र (42) वर्ष पुत्र स्व.बाबा सैनी मकान के पिछले कमरे में टुप्पटा के सहारे पंखे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया।

मृतक की छोटी पुत्री रेनू जब कमरे के अंदर गई तो पिता को झूलता देख आवक रह गई व रोते-बिलखते घटना की सूचना परिजनों को दी।परिजनों द्वारा घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।सूचना पर मौके पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व एसआई मधुसूदन त्रिपाठी मौके पर पहुंच घटना के बाबत फोरेंसिक को सूचना दिया।फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल कर वापस लौट गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी।मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था व मिजार्मुराद बाजार में ही माला-फूल का दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।मृतक को एक आनंद सैनी नामक पुत्र व प्रीति और रेनू नामक दो पुत्री बताई गई सभी का विवाह हो चुका है।घटना के बाद मृतक की पत्नी तारा देवी पुत्री प्रीति और रेनू समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।मृतक के पुत्र आनंद ने बताया कि में काम पर गया था रविवार की रात में आया तो परिवार में ऐसे ही बहस चल रहा था पिता को समझाया बुझाया फिर वो सोने चले और सुबह उठकर बाहर भी गए थे बाद में कमरे में आकर इतना बड़ा कदम उठा लिया।आसपास व ग्रामीणों में चर्चा रही कि परिवार की स्थिति ठीक न होने के कारण आर्थिक तंगी से भी परेशान रहता था जिसके कारण इतना पड़ा कदम उठा लिया।

# मीरा एजुकेशनल सोसायटी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद**। मीरा एजुकेशनल सोसायटी, वाराणसी के तत्वावधान में अमरीपुर (हाथी बाजार) में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला इस अवसर पर संस्था के (अध्यक्ष) डॉ. हंसराज सिंह, (सचिव) हिमांशु सिंह, सहयोगी शुभम सिंह एवं सनी सिंह की विशेष उपस्थिति रही। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें—हृदय रोग विशेषज्ञः डॉक्टर विकास अग्रवाल पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञः डॉक्टर सौम्यलीन राय गुर्दा रोग विशेषज्ञः डॉक्टर शिवेंद्र सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञः डॉक्टर शीलू गोयल हड्डी रोग विशेषज्ञः डॉक्टर अंकित दुबे जनरल फिजिशियनः डॉक्टर प्रशांत पाण्डेय दंत रोग विशेषज्ञः बी.एच.यू. से विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन का लाभ उठाया। मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय, पेट, गुर्दा, हड्डी एवं दंत संबंधी जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी डॉक्टरों, पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया है।शिविर के समापन पर उपस्थित सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों को संस्था की ओर से अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा में सहयोग की अपेक्षा जताई।संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। स्थानीय लोगों ने इस सराहनीय पहल के लिए संस्था एवं सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।




## भूमि विवाद में मारपीट तीन घायल, पड़ी तहरीर

**मिजार्मुराद**। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भेड़हा खोचवा गांव (मिजार्मुराद) में सोमवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।जिसमें एक पक्ष से लाठी-डंडा व लात घुसा चलने से एक पक्ष से बीच बचाव करने आए समसुददिन का सिर फट गया वही उसकी पत्नी नूरजहां व जैरुननिशा घायल हो गई।घायल महिला जैरुननिशा ने मिजार्मुराद थाने पहुंच पड़ोसी इरशाद अली व कैफ के खिलाफ तहरीर देकर बताई की मेरे पति का देहांत हो गया बटवारे में मिल रहे हिस्से पर मुझे दोनों द्वारा रोका जा रहा है और सोमवार को घर में घुसकर दोनों लोग लाठी-डंडा व लात घुसे से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया व जान से मारने की धमकी दे रहे है।मिजार्मुराद पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर सभी घायलों को मेडिकल मुआवजा हेतु भेजने के साथ ही जांच-पड़ताल में जुट गई।

# भाकियू भानु ने जनसमस्याओं को लेकर धरना देकर किया रोष प्रकट

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के बैनर तले राल कट, छटीकरा पर जनसमस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ के नेतृत्व में जुटे किसानों ने क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर जिला प्रशासन और शासन की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो समूचा क्षेत्र सड़क पर उतरने को मजबूर होगा। इस दौरान सदर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छटीकरा सर्विस रोड पर जलभराव से छुटकारा, छटीकरा कट से निकलने के दौरान क्षेत्रीय लोगों से पुलिस द्वारा अभद्रता, चारधाम के समीप जाम से छुटकारा आदि समस्याओं को रखा। राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ ने कड़े तेवर अपनाते हुए कहा कि जिला प्रशासन और शासन लंबे समय से जनसमस्याओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा, प्रशासन किसानों की खामोशी को कमजोरी न समझे। अब क्षेत्रवासियों के सब्र का बांध टूट चुका है। यदि ज्ञापन का गंभीरता से संज्ञान लेकर समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन (भानू) उग्र आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। छटीकरा सहकारी संघ के पूर्व डायरेक्टर ठाकुर विष्णु पहलवान ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों के लिए लड़ने को तैयार है। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि किसान शक्ति को कम न आंका जाए, वरना आंदोलन की लहर पूरे जिले में फैलेगी। जिलाध्यक्ष देवेंद्र पहलवान ने स्पष्ट किया कि संगठन 12 मार्च तक प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार करेगा। यदि तब तक समाधान नहीं हुआ, तो देशभर से यूनियन के कार्यकर्ता छटीकरा पहुँचेंगे। जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह गुर्जर ने कहा कि मांगें पूरी न होने पर चक्का जाम किया जाएगा। तहसीलदार सदर प्रशांत सिंह ने किसानों का ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि मांगों को प्राथमिकता के आधार पर शासन तक पहुँचाकर समाधान का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

ब्लॉक अध्यक्ष नौहबत ठाकुर, राधाबल्लभ शर्मा, अमित ठाकुर, कैलाश पंडित, अमित गौतम, अमीरचंद ठाकुर, निरंजन ठाकुर, पूर्व प्रधान ठाकुर प्रेम सिंह, लक्ष्मी शर्मा, उषा सोलंकी एडवोकेट, स्वामी विवेकगिरी महाराज, स्वामी ब्रह्मानंद महाराज, स्वामी मनी महाराज, कालू दिवाकर और हर्ष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में किसान व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बोलेरो कार व टेंपो की भीषण भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मेरठ - बदायूं हाईवे स्थित साईं मन्दिर के पास बोलेरो और टेंपो की आमने सामने की टक्कर हो गई। टेंपो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि टेंपो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार करीब शाम 4 बजे साईं धाम मंदिर के निकट बोलेरो कार ने रोंग साइड जाकर टेंपो को सामने से टक्कर मार दी जिसमें टैंपो चालक शकील उम्र करीब 46 वर्ष पुत्र समीर निवासी मिजार्पुर थाना कोतवाली देहात बुलंदशहर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन टेंपो में सवार राजीव शर्मा पुत्र गंगा शरण शर्मा मोहल्ला फूल बाग कॉलोनी शिकारपुर तथा पूजा पत्नी गौरव व मोहित कुमार शर्मा पुत्र गौरव निवासी खालौर कोतवाली जहांगीराबाद गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शकील का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।उधर राजीव शर्मा, पूजा व मोहित कुमार शर्मा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर भेज दिया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर शिकारपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे परिजनों का दुखद घटना से रोरो कर बुरा हाल है।वही कोतवाली प्रभारी चंदगीराम ने बताया है कि सांई धाम पर हुए आमने-सामने की टक्कर में टेंपो चालक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया हालांकि टेंपो और बोलेरो पुलिस की हिरासत में है समाचार लिखे जाने तक मृतक या घायलों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# बिजली लाइन खुदाई से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, दर्जनों घरों की सप्लाई ठप



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग पर विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी की अंडरग्राउंड विद्युत लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के तहत सड़क पर जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, लेकिन खुदाई के दौरान पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने से करीब दो दर्जन से अधिक घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।बताया जा रहा है कि बिजलीघर परिसर के पास 33 केवी लाइन को भूमिगत करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी दौरान जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, जिससे सड़क के नीचे बिछी पानी की पाइपलाइन टूट गई। पाइपलाइन टूटते ही पानी सड़क पर फैल गया और आसपास के घरों की जल आपूर्ति बंद हो गई। पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू कार्यों के लिए भी संकट का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। कई लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है।लिपिक अकरम अंसारी का कहना है कि सड़क खुदाई से पूर्व उन्हें किसी तरह की सूचना नहीं दी गई है, जो भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें जल्दी ठीक कराया जाएगा. और सड़क उखाड़ने का मामला पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को सूचना दे दी है।

# सिद्दी विनायक महाविद्यालय एनएसएस ने चंद्र सरोवर पर श्रमदान के बाद लिया काव्य पाठ का आनंद

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** सिद्धि विनायक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में छात्र-छात्राएं बृज के परम पावन स्थल चंद्र सरोवर पहुंचे। जहाँ सभी ने पावन स्थान सूर साधना स्थली और महारास स्थली परिसर में सफाई कार्य किया। जिसमें कूड़ा-करकट व पॉलीथिनों, सूखे पत्तों को हटाया गया। सरोवर के घाटों, परिक्रमा मार्ग और पूज्य संत ठाकुर दास महाराज के समाधि स्थल प्रांगड़ में सफाई कार्य किया। चंद्र सरोवर स्थित महाप्रभु वल्लभाचार्य जी की बैठक के सेवाधिकारी बल्लो मुखिया जी का सानिध्य विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ।

एनएसएस विद्यार्थियों ने वल्लभाचार्य जी बैठक, सूरदास स्थली, चंद्र सरोवर, अष्ट छाप के कवियों की छतरियों व महारास चबूतरा, सूरश्याम गोशाला के दर्शन कर जानकारी प्राप्त की। द्वितीय सत्र में अध्यात्म पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश कौशिक के द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में चरित्र निर्माण से सफलता प्राप्त करने के बारे में बताया। ब्रज भाषा काव्य पाठ कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि हरीबाबू कौशिक 'ओम' जी, कवि गोपाल प्रसाद उपाध्याय 'गोप' जी के द्वारा काव्य पाठ किया गया। आयोजित काव्यपाठ में अनेकों रंग के काव्य पाठ से छात्र-छात्राएं तालियां बजाकर झूम उठे। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने अथितियों का महाविद्यालय का उपन्ना उढ़ाकर, स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विष्णु कांत शर्मा द्वारा किया गया। पीटीआई दिलीप यादव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकार भारत उपाध्याय, भानु अग्रवाल, पवन कुमार, हारून कुरैशी, जेपी सिंह, केपी सिंह, याचना शर्मा, नीलम, अर्चना माथुर, बुलबुल कौशिक, प्रकाश सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों का आतंक, दर्जनों घायल; अस्पताल में लगी लंबी कतारें

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** क्षेत्र में आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ते हमलों से दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों में दर्जनों लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। ताजा घटनाओं में गांव चढ़ाव निवासी बालक वंश, कस्बा निवासी युवक देवा, भारसी निवासी महिला नरेश और गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला नसीमा सहित कई अन्य लोग घायल हो गए।सभी लोग अपने-अपने कार्य से घर से बाहर निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को कुत्तों से बचाया। हमले में घायल सभी लोगों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए।अस्पताल में तैनात डॉक्टर रवि ने बताया कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुत्ते के काटने या खरोंच लगने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचें और लापरवाही बिल्कुल न बरतें, क्योंकि समय पर उपचार ही रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों आवारा कुत्तों के हमले से घायल बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मोहल्लों और गांवों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने और बाधियाकरण अभियान चलाने जैसे ठोस कदम तत्काल उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र में फैल रहे इस आतंक से राहत मिल सके।

# शिक्षा निदेशक पर हुए हमले के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश सरकार और भाजपा विधायक का फूंका पुतला

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** देहरादून में शिक्षा विभाग के निदेशक के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने की घटना को शर्मनाक बताते हुए कांग्रेस ने प्रदेश सरकार और भाजपा विधायक उमेश काऊ के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है।साथ ही सरकारी अधिकारी पर मारपीट कर घायल करने की घटना को भाजपा सरकार का तानाशाही रवैया बताते हुए कानून का उल्लंघन और सत्ता के नशे में चूर बताते हुए लोकतांत्रिक आधार पर संवैधानिक नियमों को ताक में रखते हुए भाजपा विधायक द्वारा अपने समर्थकों के साथ शिक्षा निदेशक कार्यालय पहुंचकर उनके साथ अभद्रता मारपीट करने की घटना को निंदनीय बताया।सभा करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में एसबीआई तिराहे में एकत्रित हुए और विरोध में प्रदेश सरकार और भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पुतला दहन किया।उन्होंने प्रदेश सरकार और भाजपा नेताओं पर सत्ता के नशे में चूर रहते हुए आए दिन भाजपा नेता बेलगाम हो रहे हैं, वही आमजनता के साथ सरकारी विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी बेलगाम हो रहे नेताओं की दबंगई और कार्य नही करने पर ऐसे अधिकारियों को ट्रांसफर कराने का भय दिखाकर मजबूरन भय का माहौल बनवा रहे हैं।सरकारी कर्मचारी सरकार में ही सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश स्तरीय अधिकारी को जिस तरह कमरे में बंद कर जान से मारने की साजिश रची गई, वह किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेसी नेताओं ने लोकतंत्र और अधिकारियों के सम्मान की रक्षा के लिए सभी से आगे आने की अपील भी की है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, बालकृष्ण टम्टा, बसंत कुमार, सुनील भंडारी, ललित बिष्ट, हरीश त्रिकोटी, दीपक कुमार, आदि मौजूद रहे।

# मौसम का असर: सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

वेलकम इंडिया




**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। सोमवार सुबह जैसे ही सरकारी अस्पताल के ओपीडी कक्ष का ताला खुला, वैसे ही मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। महिला, पुरुष और बच्चों सहित सैकड़ों मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे, जिससे पूरे दिन अस्पताल परिसर में भारी भीड़ बनी रही।रविवार को अवकाश रहने के कारण सोमवार को मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। सुबह से ही पर्ची काउंटर पर लोगों की लाइन लग गई और ओपीडी कक्ष के बाहर बैठने की जगह तक मरीजों की भीड उमडी रही।अस्पताल बंद होने तक मरीजों का आना-जाना लगातार जारी रहा।चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों तेज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में संक्रमण, उल्टी-दस्त और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों में मौसमी बीमारियों के लक्षण अधिक देखने को मिल रहे हैं। बदलते मौसम, सुबह-शाम की ठंडक और दिन में हल्की गर्माहट के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम परिवर्तन के चलते मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और समस्त स्टाफ मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभा रहा है।

# मुरादाबाद में संत गाडगे महाराज का जन्मोत्सव पर्व मनाया गया

वेलकम इंडिया

जिला धोबी महासभा, मुरादाबाद द्वारा स्वच्छता के प्रतीक संत गाडगे महाराज का जन्मोत्सव पर्व हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम अम्बेडकर पार्क, सिविल लाइन में ताराचन्द अध्यक्ष की अध्यक्षता में हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चन्द्र दिवाकर ने किया। करन सिंह दिवाकर एवं महेश राम उपाध्यक्ष ने बाबा साहब के जीवन परिचय के सम्बन्ध में अवगत कराया। संत गाडगे बाबा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगाँव नामक ग्राम में 23 फरवरी 1876 को एक गरीब धोबी परिवार में हुआ था। चन्द्र प्रकाश दिवाकर वृद्ध ने अपने वक्तव्य में कहा कि उस समय समाज कुरीतियों, शराबखोरी, धार्मिक अंधविश्वासों और आडम्बरों से ग्रस्त था। मुन्ना लाल नवीन नगर ने अवगत कराया कि बाबा साहब का जीवन बहुत कष्टों में बीता। ईश्वर कृपा के नाम पर अपार दुख सह रहे आमजन अंधविश्वास और दकियानूसी परिवेश में रहने के अभ्यस्त थे। विशन लाल सहायक अभियन्ता एवं अन्य साथियों ने भी सम्बोधित किया। राजभान ठाकुर दास, राजेन्द्र दिवाकर, राम औतार नवीन नगर, मुन्ना लाल, अमित दिवाकर, हरिशंकर, राहुल दिवाकर, मोती लाल कोषाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज को एकजुट होकर बाबा के जन्म दिन को ऐसे मनाना चाहिए जैसे हम एक पर्व मनाते हैं। जिला अध्यक्ष श्री ताराचन्द ने अपने वक्तव्य में कहा कि धोबी समाज की अपनी अलग संस्कृति एवं कला है। धोबी नृत्य लोगों का मन मोह लेते थे, परन्तु वर्तमान परिवेश में यह सब लुप्त होता जा रहा है। श्री राधेलाल रघुवंशी ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को एक होने की आवश्यकता है।

## महिला महाविद्यालय में काव्य एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग की विभागीय परिषद के तत्वावधान में सह–पाठ्यक्रम, को–करिकुलर गतिविधियों के अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता, लघु काव्य लेखन प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान तूबा बीए प्रथम वर्ष, तथा तृतीय स्थान शीजा बीए प्रथम वर्ष को मिला ।लघु काव्य लेखन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की दीक्षा पंवार ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान आयशा, बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान तहरीन, बीए तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ ।आशु भाषण प्रतियोगिता में आयशा बीए तृतीय वर्ष प्रथम, तहरीन द्वितीय तथा अंजली, बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं।

# एनएसएस शिविर में कुसुम सरोवर पर विद्यार्थियों पर हुई पुष्प वर्षा, खेली फूलों की होली, घाटों पर चलाया सफाई अभियान

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन बड़े ही हर्ष और उत्साह के चल रहा है।

एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन सभी विद्यार्थी बृज के ऐतिहासिक, पौराणिक धार्मिक स्थल कुसुम सरोवर पर पहुंचे। कुसुम सरोवर पर ब्रज के परम सेवा भावी महंत रामदास शुक्ला महाराज ने एनएसएस के सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, स्टाफ सदस्यों का पुष्पवर्षा करके भव्य स्वागत किया। और एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा देश सेवा के लिये किये जा रहे सामाजिक कार्यों की भरपूर प्रशंसा करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने आपस में और परिक्रमा लगा रहे तीर्थ यात्रियों के साथ फूलों की होली खेली। महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट, पीटीआई दिलीप यादव ने महंत रामदास शुक्ला महाराज का पटुका उढ़ाकर व गिरिराज जी की छवि स्मृति चिन्ह देकर उनका हार्दिक स्वागत किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा कुसुम सरोवर के घाटों पर सफाई कार्य किया। जिसमें झाड़ू लगाकर कूड़ा-करकट, पॉलीथिनों, सूखे पत्तों को हटाया गया।

दोपहर को द्वितीय बौद्धिक सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट द्वारा स्वयंसेवकों को कुसुम सरोवर पर हिन्दू धर्म रक्षक भरतपुर महाराजा सूरजमल व उसके परम-प्रतापी वीर पुत्र राजा जवाहर सिंह के द्वारा मुगलों शासकों को हराकर दिल्ली विजय के बारे में विस्तार से बताया गया। अंग्रेजी प्राध्यापिका मोनिका भारद्वाज द्वारा भजन सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में कुसुम सरोवर राधा रसोई के हरिओम शर्मा, अंकुर जादौन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट, पीटीआई दिलीप यादव, टीकम सिंह, विष्णुकांत शर्मा, पवन कुमार, जे.पी सिंह, कुमरपाल भानु अग्रवाल, हारून कुरैशी, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, नीलम, बुलबुल कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# आगामी त्यौहार होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित की गई डी0जे0 संचालकों की गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपजिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार ने संयुक्तरुप से प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे की उपस्थिति में सोमवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद परिसर में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के समस्त डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार द्वारा की गई, जिसमें सभी डीजे संचालकों को शासन की मंशा, ध्वनि प्रदूषण संबंधी मानक, तथा माननीय न्यायालय के आदेश-निदेशों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि–

1.निर्धारित समय सीमा के भीतर ही डीजे/ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन किया जाएगा।

2.मानक से अधिक ध्वनि स्तर (डेसीबल) पर किसी भी प्रकार का संचालन नहीं किया जाएगा।

3.किसी भी धार्मिक स्थल, अस्पताल, विद्यालय या संवेदनशील स्थानों के निकट विशेष सावधानी बरती जाएगी।

4.शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सभी डीजे संचालकों से एक लिखित बंधपत्र (बॉन्ड) भरवाया गया, जिसमें उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे शासन एवं न्यायालय के दिशा-निदेशों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे तथा किसी भी प्रकार की उल्लंघन की स्थिति में विधिक कार्यवाही के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे ।

क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार ने कहा कि होली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है ।नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय साहित्योत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

डॉ. शंभु पंवार




**नई दिल्ली,23 फरवरी।** निराला साहित्यिक एवं कला मंच तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में सती भाई साईं दास,कलानौर में राष्ट्रीय हिंदीझहरियाणवी साहित्योत्सव, सम्मान समारोह एवं पुस्तक लोकार्पण का भव्य आयोजन किया गया।आयोजन में देशझप्रदेश के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों, भाषाविदों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। राष्ट्रीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक पटल पर सौहार्द और मानवता की अलग जगह रहे धरा धाम इंटरनेशनल प्रमुख एवं मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणि संत प्रोफेसर डॉ. सौरभ पाण्डेय थे जबकि अध्यक्षता हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यूपी की पाठ्यक्रम समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद डॉ. एहसान अहमद, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक,पत्रकार- विचारक डॉ. शंभू पवार, प्रसिद्ध साहित्यकार लेखिका एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गीतांजलि नीरज अरोडा,गीत, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिवकुमार शिव, शिक्षाविद डॉ. शिवनाथ सिंह, पूज्य संत महंत स्वामी रामसुखदास जी पूज्य संत महंत ईश्वर शाह जी, की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ।निराला साहित्यिक कला मंच के अध्यक्ष डॉ.सत्यवीर निराला,जगजीत निराला ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। सुशीला जांगड़ा ने हरियाणवी लोक गीत की शानदार प्रस्तुति दी। मनमोहक संचालन डॉ.अशोक कुमार मंगलेश ने किया।

# सांई धाम का 11वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**/शिकारपुर साईं धाम के 11 वें वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया श्री साईं नाथ अशोक ट्रस्ट शिकारपुर द्वारा साईं स्नान कराया गया।पालकी यात्रा कर आरती की गई साईं धाम परिसर में कलाकारों द्वारा भजनों ने व सुन्दर झांकियों ने भाव विभोर कर वातावरण भक्ति मय कर दिया। इस अवसर पर श्री साईं नाथ अशोक ट्रस्ट शिकारपुर के संदीप जैन सुशील जैन संजय जैन सचिन कुमार गर्ग विकास कुमार गर्ग नमन जैन शुभम जैन दीपक जैन संजय शुक्ला राकेश शुक्ला डॉ आशीष शर्मा प्रभात शर्मा पुनीत गर्ग मुमताज हैदर अवनीश अरोरा मंयक रवि सक्सैना चीनू जैन प्रदेशमंत्री डा० चन्द्र मोहन जिला महामंत्री संजय चौधरी सहित हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर करें काले कानून का विरोध

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जनपद में शिक्षकों द्वारा टेट के विरोध में चलाए गए ट्विटर अभियान की अपार सफलता के बाद सोमवार को जनपद के प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। बोर्ड परीक्षा में भी काली पट्टी बांधकर ड्यूटी किया।

जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जूनियर हाई स्कूल में बैठक की गई।क्रमिक आंदोलन की सफलता हेतु विचार विमर्श किया गया। अंबिका देवी यादव ने बैठक में कहा कि यह विरोध तीन दिन तक जहां भी रहें काली पट्टी बांधकर ही टेट अनिवार्यता के काले कानून का पुरजोर विरोध करें। उन्होंने जनपद के सभी प्रधानाध्यापकों/अध्यापकों से आग्रह किया है कि आप सभी प्रत्येक दशा में काली पट्टी की अवश्य बांधे। 26 आवरी को बी एस ए कार्यालय पर आयोजित धरने में भी बड़ी संख्या में शामिल हों। ओम प्रकाश यादव के निधन के बाद मन्त्री पद पर के ० सी० सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पर बिपिन कुमार वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराने में संरक्षक गंगा प्रसाद यादव,विजय नाथ यादव , रामसरन यादव ,जफीर अली,मो आजम,मो शोएब अख्तर, जयभान चौधरी, अभिनव प्रताप सिंह , वेद प्रकाश त्रिपाठी , दुर्गा यादव ,अनिल कुमार सिंह , शिवचरन गुप्ता , सुयेब अहमद , राहुल यादव , रामकरन पासवान,रामनाथ यादव, प्रेम प्रकाश दूबे , प्रमोद पाठक , इन्द्रकान्त चौधरी, बृजभूषण यादव , रमेश भार्गव, दिनेश कुमार ,शैलेन्द्र कुमार , पवन राय , नवीन त्रिपाठी , चन्द्रपाल सिंह , चन्द्रशेन,राम निवास सहित जूनियर शिक्षक संघ के अब्दुर्रहीम, जलालुद्दीन,शमीम अहमद,मुबारक हुसैन आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ब्लाकों में ब्लॉक पदाधिकारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी और शिक्षकों काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

# अवैध पार्किंग पर कार्रवाई के बाद चेतावनी बोर्ड उखाड़ा

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला मोलानान मे लंबे समय से बनी अवैध पार्किंग और सड़क अवरोध की समस्या को लेकर मोहल्ला निवासी नदीम अहमद द्वारा मंडल आयुक्त सहारनपुर को शिकायत भेजी गई थी।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंडल आयुक्त के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कैराना ने नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने तथा संबंधित स्थान पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी सूचना पट लगाने के आदेश दिए।प्रशासनिक आदेश के तहत नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए नो पार्किंग लिखा हुआ चेतावनी बोर्ड लगा दिया था। हालांकि टीम के वापस लौटते ही कुछ दबंग तत्वों ने बोर्ड को उखाड़ फेंका। इस घटना को प्रशासनिक आदेश की खुली अवमानना माना जा रहा है ।मामले में शिकायतकर्ता ने सोमवार को जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ।बोर्ड हटाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पालिका की ओर से थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है ।गौरतलब है कि मोहल्ले में लगाए गए नो पार्किंग बोर्ड को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिडी हुई है। सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं नो पार्किंग का बोर्ड नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एसडीजी, पीएम गतिशक्ति और विजन 2047 पर हुई कार्यशाला

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में सतत विकास लक्ष्य एसडीजीएस,डेटा इकोसिस्टम, पीएम गतिशक्ति तथा उत्तराखण्ड विजन 2047 विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनपद स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वित कार्यप्रणाली तथा लक्ष्य आधारित प्रगति को सुनिश्चित करना रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जनपद को सतत विकास लक्ष्यों में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान दिलाने के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत जनपद में कीवी उत्पादन, सब्जी उत्पादन, औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती तथा पारंपरिक कृषि को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा सके। पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत उन्होंने सभी विभागों को जीआईएस आधारित एकीकृत योजना एवं निगरानी प्रणाली का प्रभावी उपयोग करने पर बल दिया, ताकि आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं में पारदर्शिता और गति लाई जा सके। साथ ही विकसित भारत विजन 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ठोस एवं दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए।कार्यशाला में नियोजन विभाग से आए विशेषज्ञ अजय पुरोहित एवं नवीन कोरी ने सतत विकास के 17 लक्ष्यों–जैसे गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं लैंगिक समानता–की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी।

# आलू भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में दो पुलिस कर्मी बुरी तरह ज़ख्मी एक को हल्की चोट

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** एक ट्रैक्टर चालक ने पुलिस की डायल 112वैन को सामने से टक्कर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में वैन सवार तीन पुलिस कर्मी घायल हुए जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।एक को हायर सेंटर रेफर किया गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को तलाशा आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस की डायल 112 पी आर वी वैन संख्या 2104 सूचना मिलने पर रविवार की शाम लगभग 8 बजे ग्राम सैदपुरा की तरफ जा रही थी।स्टेट हाइवे पर पवसरा तिराहे के समीप पिंटू होटल के सामने सामने से तीव्र गति से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली सोनालिका जिसमें आलू भरे हुए थे पुलिस वैन से जा टकरायी। भीषण भिड़ंत में पुलिस वैन पलट गई और उसमें सवार तीनों पुलिसकर्मियों को आसपास के लोगों ने दौड़ कर क्षतिग्रस्त वैन से बाहर निकाला। हेड कांस्टेबल अमरेश चौहान,चालक दीपांशु और कांस्टेबल शिवम कुमार को अस्पताल पहुंचाया गया जहां हेड कांस्टेबल अमरेश चौहान का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शिवम कुमार को हलकी चोट आई। जबकि चालक दीपांशु की हालत गंभीर है।शिवम कुमार की तहरीर पर पुलिस ने चालक निजामुद्दीन पुत्र सुल्तान निवासी ग्राम नौबतपुर थाना औरंगाबाद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। चालक फरार हो गया।ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिस के कब्जे में है।

# दादा गुरू इकतीसा पाठ के ऐतिहासिक आयोजन में बनें भागीदार

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर राजस्थान।** थार नगरी, बाड़मेर में चादर महोत्सव के उपलक्ष्य में 07 मार्च को होने वाले दादा गुरू इकतीसा पाठ के वैश्विक आयोजन की तैयारियों को लेकर सोमवार को रेन बसेरा जैन मोहल्ला स्थित श्री जिरावल्ला पार्श्वनाथ जिनालय प्रांगण सहित फ्यूचर लिंक टेक्नो स्कूल, सांसियों का तला आदि स्थानों पर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन हुआ तथा सम्बन्धित स्थानों पर आयोजन के जिम्मेदारियां दी गई। वहीं इससे पूर्व रविवार को दोपहर में केयुप भवन में शहर के वरिष्ठ जनों व कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी के सुझावों पर अमल करते हुए आगे की रणनीति बनाई गई। इस आयोजन को विशाल स्तर पर करवाने को लेकर चर्चा हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि थार नगरी, बाड़मेर में श्री दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ को ऐतिहासिक बनाने को लेकर सोमवार को स्थान चयन के साथ-साथ आयेजन के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिस कड़ी में रेन बसेरा के पीछे श्री जिरावल्ला जिनालय प्रांगण में परमात्मा की साक्षी में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।तत्पश्चात फ्यूचर लिंक टेक्नो स्कूल, सांसियों का तला आदि स्थानो पर स्थान चयन के बाद पोस्टर का विमोचन किया गया। तथा आयोजन की जानकारी व जिम्मेदारियां सुपुर्द की गई।

# रियायती बिजली समाप्त करने और निजीकरण की तैयारी के तहत कर्मचारियों के घरों पर जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर-संघर्ष समिति

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज जारी बयान में कहा है कि बिजली कर्मियों को पूर्व से मिल रही रियायती बिजली सुविधा समाप्त करने तथा बिजली व्यवस्था के निजीकरण/फ्रेंचाइजीकरण की तैयारी के तहत उनके आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने इसे मुख्यमंत्री के साथ हुए लिखित समझौते तथा उप्र पावर सेक्टर रिफॉर्म एक्ट का खुला उल्लंघन बताया है।इस कार्यवाही से प्रदेशभर के बिजली कर्मियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मियों ने एकजुट होकर जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया तथा जनपद के सर्वोच्च अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध दर्ज कराया। संघर्ष समिति के पदाधिकारी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि 25 जनवरी 2000 को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री राम प्रकाश गुप्त के साथ हुए लिखित समझौते के तहत बिजली कर्मियों को मिल रही रियायती बिजली की सुविधा पूर्ववत जारी रखने का स्पष्ट प्रावधान किया गया था। इसी समझौते के आधार पर बनी ट्रांसफर स्कीम, 2000 में भी कर्मचारियों को पूर्ववत सुविधाएं जारी रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी भास्कर पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर रिफॉर्म एक्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि विद्युत परिषद के विघटन के बाद कर्मचारियों की सेवा शर्तें और सुविधाएं किसी भी स्थिति में पूर्व से कमतर नहीं की जाएंगी। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, 2003 की धारा 133(2) भी इसी भावना को पुष्ट करती है।

ट्रांसफर स्कीम 2000 की धारा 12(बी)(2) में कर्मचारियों और पेंशनरों को रियायती दर पर बिजली सुविधा को उनकी सेवा शर्तों का हिस्सा माना गया है, जिसे किसी भी परिस्थिति में समाप्त या कम नहीं किया जा सकता। बिजली कर्मियों के लिए जारी टैरिफ आदेश में भी इसका उल्लेख होता रहा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी संजय यादव ने आरोप लगाया कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन द्वारा लखनऊ में वर्टिकल व्यवस्था लागू कर विद्युत व्यवस्था को अव्यवस्थित किया जा रहा है और लखनऊ के फ्रेंचाइजीकरण की तैयारी की जा रही है। निजी कंपनी को सुविधा देने के उद्देश्य से युद्ध स्तर पर कर्मचारियों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि प्रबंधन की इस प्रकार की कार्रवाइयों से ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण लगातार बढ़ रहा है। संघर्ष समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 26 फरवरी को लखनऊ में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में रियायती बिजली सुविधा समाप्त करने के प्रयास, उत्पीड़नात्मक कार्याहियां वापस कराने, निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन तथा लघु जल विद्युत परियोजनाओं को निजी हाथों में सौंपे जाने के मुद्दों पर विचार कर आगे की रणनीति और आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर में बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 453 दिन पूरे होने पर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा गया , इस क्रम में आज संत कबीर नगर में विरोध प्रदर्शन में ई0 अमित सिंह, सहायक लेखाकार संतोष गुप्ता , प्रिंस गुप्ता, कार्यकारी सहायक दिलीप सिंह , सुनील प्रजापति, सूरज प्रजापति, भास्कर पांडेय, संजय यादव, अशोक कुमार, आर्यन कुमार, श्रवण प्रजापति, विजय कुमार, धीरेन्द्र यादव, मनोज यादव समेत अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे।



# भारत एआई लैब्स रोबोटिक्स नेशनल चैंपियनशिप की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने लहराया विजय पताका

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भारत ए आई लैब्स के तत्वाधान में एक दिवसीय इंटर स्कूल नेशनल रोबोटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में एनसीआर के विभिन्न स्कूलों सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ( निवाड़ी) भारत एआई लैब्स, महिमा पब्लिक स्कूल( मोहन नगर) , जी एस मॉडर्न स्कूल (गाजियाबाद), एलन हाउस पब्लिक स्कूल( गाजियाबाद) डीपीएस एचआरआईटी( दुहाई ) स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों की टीमों ने प्रतिभागी के रूप में विभिन्न वर्ग की विभिन्न श्रेणी में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रोबो मिशन, रोबो गेम्स, रोबो सुमो, रोबो रेस, रोबो टेबल टेनिस, रोबो फंक्शन, रोबो सॉकर तथा रोबोटिक प्रोग्रामिंग जैसी विभिन्न तकनीकी एवं खेल आधारित स्पधार्ओं का आयोजन किया गया। साथ ही ह्लइनोवेशन जंक्शनह्व इवेंट के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विभिन्न वर्गों में परिणाम इस प्रकार रहे-इनोवेशन जंक्शन (जूनियर एवं सीनियर वर्ग) में जीएस मॉडर्न स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोबो टेबल टेनिस में एलन पब्लिक स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय तथा सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। रोबो सुमो में एलन पब्लिक स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय और सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। रोबो रेस में डीपीएस एचआरआईटी (बालक वर्ग) प्रथम, सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय तथा डीपीएस एचआरआईटी (बालिका वर्ग) तृतीय स्थान पर रहा। रोबो फंक्शन में महिमा पब्लिक स्कूल प्रथम, जीएस मॉडर्न स्कूल द्वितीय तथा सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। रोबो सॉकर में जीएस मॉडर्न स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय और सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। एलिमेंट्री रोबो मिशन में महिमा पब्लिक स्कूल प्रथम रहा।

रोबो मिशन (सीनियर वर्ग) में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को चैंपियनशिप का गौरव दिलाया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान रुचिर गर्ग (वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इंजीनियरिंग) , एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर शिखा दरबारी व डॉक्टर रीता वार्ष्णेय एवं अन्य अतिथियों के रूप में श्रीमती अरुणिमा रघुवंशी (प्रधानाचार्य जनहित वर्ल्ड स्कूल), नरेश कुमार निदेशक सेंट एंड्रयू स्कूल( इंदिरापुरम) एवं एकेडमिक विजिटिंग फैकल्टी में श्रीमती मीनाक्षी सिरोही डीपीएस( मोदीनगर)तथा साथ ही सेंट जेवियर्स स्कूल , सेंट एंड्रयू एवं डीपीएस के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में एक्सपोजर विजिट का अवसर भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई कौशल एवं तकनीकी शिक्षा के प्रदर्शन की शाबाशी देते हुए उनके सुनहरे भविष्य एवं रोबोटिक एवं आई के क्षेत्र में भारत एआई लैब्स के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के प्रशंसा करते हुए सुरेविन के विद्यार्थियों के विशेष प्रदर्शन पर उनके कंठ मुक्त प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता में निर्णायक दल के रूप में राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी( गाजियाबाद) एवं प्रशिक्षक, विषय विशेषज्ञ के पी जयंत, उमाशंकर, आकाश आनंद, आशुतोष, कुमारी रश्मि ने निर्णायक मंडल का कार्यभार संभाला और साथ ही रोबोटिक्स के विभिन्न गेम प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक दल में के रूप में शांभवी पांडे, इशिका ,जाह्नवी, अनुराग, अक्षय, कुणाल ,अंकुर ,प्रिंस ,अमन ने निभाई । समापन समारोह में विद्यालय प्रबंधक तुषार गुप्ता, डॉ. शिखा दरबारी, विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सरिता सिंधु ने अपने संबोधन में कहा, ह्लआज का युग तकनीक और नवाचार का है। हमारे विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना का परिचय दिया है, वह भविष्य में उन्हें नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में उनकी रुचि भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विद्यालय प्रबंधक तुषार गुप्ता एवं डॉक्टर शिखा दरबारी ने कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यवहारिक एवं तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है। इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें वैश्विक मंच के लिए तैयार करती हैं।साथ ही साथबच्चों में नवाचार की भावना और वैज्ञानिक सोच का विकास ही सच्ची शिक्षा है।

## फिजियो इन ऑर्थो अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ. सुभाष यादव

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** पूर्वांचल फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में 22 फरवरी को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रेक्षागृह, गोरखपुर में ह्लतृतीय राष्ट्रीय भौतिक चिकित्सा सम्मेलनह्व (गोरखपुर फिजियोकॉन-3) का भव्य आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन में देश भर के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, शोधकताओं और छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सिद्धार्थनगर के चिकित्सा जगत के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा, जब माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत और पूर्वांचल फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन सिद्धार्थनगर शाखा के कन्वेनर डॉ. सुभाष यादव को बेस्ट फिजियो इन ऑर्थोह्व अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार ऑर्थोपेडिक फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और मरीजों की गतिशीलता सुधारने में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।डॉ. सुभाष यादव ने अपने क्लिनिक 'सिद्धार्थ फिजियोथेरेपी सेन्टर सिद्धार्थनगर' के माध्यम से सैकड़ों मरीजों को बिना सर्जरी के सफल उपचार प्रदान किया है। समारोह के मुख्य अतिथि ने डॉ. यादव की सराहना करते हुए कहा, डॉ. यादव ने चिकित्सा के साथ-साथ मानव सेवा को सर्वोपरि रखा है। उनकी निस्वार्थ सेवा और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति युवाओं के लिए प्रेरणा है। डॉ.सुभाष यादव ने इस सम्मान को अपने मरीजों, परिवार, गांव के लोग एवं सहयोगियों को समर्पित करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य भविष्य में भी समाज की सेवा करना और फिजियोथेरेपी के क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। हड्डी जोड़ विशेषज्ञ डॉ. के.के यादव, असदुल्लाह सिद्दीकी, डॉ. चन्देश उपाध्याय, डॉ. नितिन अग्रवाल सहित जनपद एवं क्षेत्र के लोगों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ.सुभाष यादव सिद्धार्थनगर के हुसैनगंज चौराहा स्थित में संचालित अपने सिद्धार्थ फिजियोथेरेपी सेन्टर के माध्यम से कमर दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, लकवा (पैरालिसिस) तथा खेल चोटों के उपचार में विशेष सेवाएं दे रहे हैं। उनके इस सम्मान से जिले में हर्ष एवं गौरव का महौल है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. सुभाष यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं होते, बल्कि ये आधुनिक उपचार पद्धतियों, नई शोध और एडवांस थेरेपी तकनीकों को समझने का एक प्रभावी मंच हैं। उन्होंने जिले के सभी फिजियोथेरेपिस्टों से अपील की कि वे चिकित्सा के बदलते स्वरूप के साथ खुद को अपडेट रखें ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी राकेश सिंह, अध्यक्ष डॉ. एम०एल०यादव, डॉ. अवनीश वर्मा, डॉ. रवि राव, डॉ. भवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## स्काउटिंग का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है -डॉ एस सी अग्रवाल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था गाजियाबाद द्वारा स्काउटिंग के जनक लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन पर चिंतन दिवस का आयोजन किया गया। डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल सचिव उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड जनपद संस्था गाजियाबाद और प्रधानाचार्य डॉ के एन मोदी कॉलेज ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए अनुशासन करते हुए निष्ठा से सेवा भावना आदि को जीवन में अंगीकार करने की आवश्यकता है इस अवसर पर स्काउट गाइड के पदाधिकारी व स्काउट ने पौधारोपण भी किया भारत स्काउट एंड गाइड एक स्वैच्छिक गेर राजनीतिक और शैक्षिक युवा आंदोलन है जो चरित्र नागरिकता और सेवा भावना विकसित करता है 1909 में भारत में स्थापित या आंदोलन लॉर्ड पेमेंट पावेल द्वारा बनाए गए सिद्धांतों के आधार पर शारीरिक और सामाजिक विकास पर केंद्रित है इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। स्काउट एंड गाइड भरोसेमंद वफादार विनम्र अनुशासित और प्रकृति प्रेमी होते हैं। स्काउटिंग लड़कों के लिए और गाइडिंग लड़कियों के चरित्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। स्काउटिंग के क्षेत्र में विद्यालय में 10 दल पंजीकृत हैं जो प्रदेश में अन्य विद्यालयों से सर्वाधिक है। दलों के नाम भी इस प्रकार हैं भीष्म स्काउट दल , कमल स्काउट दल, आर्यभट्ट स्काउट दल ,गगनयान स्काउट दल, आदित्य, स्काउट दल मंगल मिशन स्काउट दल, चंद्रयान स्काउट दल ,डॉ के एन मोदी स्काउट दल,डॉ अब्दुल कलाम स्काउट दल,स्वामी दयानंद स्काउट दल।इस अवसर पर स्काउटिंग इंचार्ज दिनेश कुमार सह इंचार्ज संजीव कुमार , अजय कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्याम सिंह ,जिला प्रशिक्षण गाइड श्रीमती रिंकू चौधरी स्काउट एंड गाइड के जनपद मुख्यालय के लेखाकार जगदीश कुमार आदि उपस्थित थे।

## मठ आध्यात्मिक पुनर्जागरण का केंद्र होता है- डा.गणेश दत्त शास्त्री

(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी** :- मठ में गुरु के निर्वाण उत्सव (महाप्रयाण दिवस) पर धर्म सभा, भौतिक देह के विसर्जन और उनकी दिव्य चेतना (विदेह स्वरूप) के साथ एकाकार होने का महोत्सव है यह दिन गुरु की शिक्षाओं को पुनः स्मरण करने,कृतज्ञता व्यक्त करने और आत्म साधना में दृढ़ता लाने का अवसर होता है निर्वाण का अर्थ मृत्यु नहीं, बल्कि ज्ञान की पूर्णता में विलीन होना है उक्त बातें 23 फरवरी सोमवार को दशाश्वमेध स्थित चार सौ वर्षों से ज्यादा प्राचीन कामरूप मठ में पूर्व महंत द्वय स्वामी अच्युतानन्द तीर्थ व स्वामी बाणेश्वरानन्द तीर्थ महाराज के निर्वाण महोत्सव पर आयोजित धर्म सभा में श्री काशी विद्वत परिषद् के मंत्री व राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व प्राचार्य डा. गणेश दत्त शास्त्री ने कही इन्होंने मठ पर चर्चा करते हुए कहा कि मठ संप्रदाय के माध्यम से समाज को सामरिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में प्रोत्साहित किया जाता है ।मठों के आयोजित सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम, सभाएं और आयोजनों में लोगों को एक दूसरे के साथ मिलने,ज्ञान विनिमय करने और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने का अवसर मिलता है अतः यह कामरूप मठ सनातन के लिए धार्मिक चेतना का केंद्र है सभा को संबोधित करते हुए इन्होनें बतलाया कि पूर्व महंत स्वामी अच्युतानन्द तीर्थ महाराज को सभी जय जय बाबा के नाम से पुकारते थे उन्होंने अपने सम्पूर्ण जीवन काल में सनातनी परम्परा का अक्षरशः पालन करते हुए समाज को नयी दिशा प्रदान किया इनके बाद इनके उत्तराधिकारी रहे स्वामी बाणेश्वरानन्द तीर्थ महाराज जी ने अपने गुरु के द्वारा बतलाए गए नियमों का पालन करते हुए मठ का विस्तार किया साथ ही ये दण्डी सन्यासी समाज के अध्यक्ष होने के नाते भी अपने समय में काशी ही नहीं अपितु बाहर के कई अन्य प्रान्तों में भी साधु व महात्माओं की सेवा के लिए अनेक बुनियादी कार्य किये जहाँ आज भी इनके नाम का स्मरण किया जाता है। इस धर्म सभा में काशी पण्डित सभा के मंत्री डा.विनोद राव पाठक भी उपस्थित थे इन्होनें अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा काशी की पावन धरा पर सभ्यता और आध्यात्मिकता के केंद्र के रूप में यह मठ जाना जाता है यह तीर्थ स्थानीय समुदायों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन, जीवन की सार्थकता का अनुभव और सभ्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

## मोदीनगर हापुड़ मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के भोजपुर ब्लॉक में मोदीनगरझहापुड़ मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक सशक्त एवं दूरदर्शी पहल है, जिससे आवागमन व्यवस्था को नई गति एवं मजबूती प्राप्त होगी।

मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से प्रतिदिन हजारों राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारिक गतिविधियों को लाभ मिलेगा। जाम की समस्या से राहत मिलेगी तथा आमजन का सफर अधिक सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध हो सकेगा। साथ ही, यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक प्रगति एवं कनेक्टिविटी को भी सुदृढ़ करेगी। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार सांगवान (सांसद, बागपत लोकसभा) एवं डॉ मंजू शिवाच (विधायक मोदीनगर) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह विकास कार्य क्षेत्र के लिए एक नई उपलब्धि सिद्ध होगा। हमारा संकल्प है कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास हेतु निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और जनहित से जुड़ी प्रत्येक आवश्यकता को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## समाजसेवी शिक्षाविद विनोद कुमार माहेश्वरी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** समाजसेवी एवं शिक्षाविद विनोद कुमार माहेश्वरी का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया और शुभचिंतकों ने उनको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु की कामना की।

तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी एवं समस्त स्टाफ ने समाजसेवी एवं शिक्षा विनोद कुमार माहेश्वरी को बुके भेंट कर उनको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु की कामना की। शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि विनोद माहेश्वरी कर्मठता की सजीव प्रतिमूर्ति हैं। हृदय में सबके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। आपके सान्निध्य से ही हमारा संस्थान गौरव और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आपका जीवन परहित सरिस धर्म नहीं भाई के आदर्श को साकार करता है। समाज सेवा के प्रति आपका समर्पण और जनहित में किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।सोने सा निर्मल आपका हृदय और मिश्री सी मधुर आपकी वाणी, सदैव सफलता की नई गाथाएँ रचती रहे यही हमारी मंगलकामना है। हमारी यह हार्दिक प्रार्थना है जिसके नाम से बनता है, हर बिगड़ा हुआ काम, उन सेठ जी को जन्मदिन पर, हमारा कोटि-कोटि प्रणाम।

## दो दिवसीय शाकभाजी ,फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर रेलवे को सर्वाधिक 104 पुरस्कार



(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसी** :- राजकीय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 21 से 22 फरवरी 2026 तक दो दिवसीय शाक भाजी,फल एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय अलंकृत उद्यान,कंपनी गार्डन, कचहरी में किया गया इस प्रदर्शनी में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में वाराणसी मंडल की उद्यान टीम द्वारा बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया गया 22 फरवरी 2026 रविवार कम्पनी गार्डेन में आयोजित उक्त प्रदर्शनी के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त एस.राजलिंगम के कर कमलों द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के लिए दो रनिंग शील्ड समेत 104 पुरस्कार मुख्य उद्यान निरीक्षक श्री मुकेश कुमार ने प्राप्त किया प्रदर्शनी में कुल 159 श्रेणियों में से 123 श्रेणियों में पूर्वोत्तर रेलवे ने अपने वनस्पति नमूने प्रदर्शन में लगाये थे इस प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल की उद्यान इकाई ने प्रदर्शनी में सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए अपने पिछले वर्ष के 81 पुरस्कार के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए कुल 104 पुरस्कार (38 प्रथम,34 द्वितीय,32 तृतीय पुरस्कार) सहित गमले में लगे सदाबहार पौधे एवं गमले में लगे मौसमी फूल की श्रेणी में दो रनिंग शील्ड प्राप्त किये।

## चरण पादुका अभियान के अंतर्गत दयावती मोदी जूनियर हाई स्कूलमें जूता वितरण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा चरण पादुका अभियान के तहत को दयावती मोदी जूनियर हाई स्कूल, दिलीप पार्क, मोदीनगर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूतों का वितरण किया गया। यह आयोजन भावनात्मक, प्रेरणादायक एवं सेवा भाव से परिपूर्ण रहा। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया आज के कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यालय की पूर्व अध्यापिका एवं संस्था की सक्रिय सदस्य श्रीमति संतोष मेहता जी ने अपने ही विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 50 जोड़ों जूतों का विशेष सहयोग प्रदान किया। उनके आग्रह एवं आत्मीय प्रेरणा से ही यह वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।इसके अतिरिक्त 9 जोड़ों जूतों के लिए श्रीमति अनीता गुप्ता, रजनी दीक्षित एवं यशोदा जी ने योगदान दिया। गोल्डन लायनेस क्लब की सदस्याएं अनीता गुप्ता, रजनी दीक्षित, मंजीत चौधरी, मंजू धर्मा, दीपा जटवानी एवं कविता पसरिचा ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए सेवा कार्य को सशक्त बनाया। महिला पंजाबी संगठन से श्रीमति शालिनी नय्यर, सिमरन एवं हर्षिता की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊर्जा प्रदान की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती राखी गुप्ता जी एवं समस्त अध्यापिकाओं के सहयोग एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था की ओर से सुनीता शर्मा, ऊषा चौधरी, ज्ञानचंद मेहरा, तृप्ता मेहरा, प्रवीण कुमार शर्मा, रजनी विशाल माहेश्वरी, मनीष कौशल, रौनक दीप सिंह गांधी, गौरव मेहरा, रिम्पी मेहरा, सचिन वधावन, ईशान गिरी, गुरदीप सिंह, आस्था शर्मा, आशुतोष शर्मा एवं अदिति कौशल ने सक्रिय योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन के साथ चरण पादुका अभियान द्वारा वितरित जूतों की कुल संख्या 5278 तक पहुँच गई है, जो संस्था के निरंतर सेवा संकल्प का प्रमाण है। यह पहल केवल जूता वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मसम्मान, सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जनता दर्शन

# विद्युत विभाग को कार्यप्रणाली सुधारने और अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आम नागरिकों की समस्याएँ सुनकर संबंधित विभागों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। यदि कोई गरीब, असहाय या कमजोर व्यक्ति को परेशान करता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को जनहित और जनपद के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनता के हितों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री स्तर से जनता दर्शन की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगे और जूम के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि शिकायतों का प्रभावी समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन कल्याण, शस्त्र लाइसेंस (विरासत), फैमिली आईडी, यूपीनेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान तथा भूमाफियाओं पर कार्रवाई जैसे मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन के दौरान संजयनगर निवासी विधवा महिला श्रीमती गीता ने अपने पति के निधन के बाद बच्चों के पालन-पोषण में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी। उनकी स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उन्हें पारिवारिक लाभ योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित पात्र योजनाओं का लाभ दिलाया जाए तथा आवेदन प्रक्रिया में पूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग से संबंधित शिकायत पर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर लंबित मामलों की समीक्षा की और जूम के माध्यम से अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए ताकि जनता के बीच शासन-प्रशासन की सकारात्मक छवि बनी रहे।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए अवनीश, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पटेल नगर द्वितीय में सड़क व इंटरलॉकिंग निर्माण का शुभारंभ, 13.97 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण कार्य



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने सोमवार को वार्ड संख्या पटेल नगर द्वितीय में शिव मंदिर से मकान संख्या बी-412 तक सड़क एवं दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस विकास कार्य की शुरूआत क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए की गई है। निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 13 लाख 97 हजार रुपये बताई गई है। कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, जलभराव की समस्या में कमी आएगी तथा मोहल्ले की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े विकास कार्य निरंतर कराए जाएंगे और क्षेत्र को बेहतर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति लगातार जारी रहेगी और नागरिक सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महंत विजय गिरी, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, पार्षद शीतल चौधरी, क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, हिमांशु पाराशर, अरुण चौधरी, सुमन जाटव, मोहित ठाकुर, किरण रहेजा, सुनीत शर्मा, शशिकांत, अनिल जिंदल, विनीत त्यागी, सुधीर शर्मा, अनिल कश्यप, गजराज सिंह, ओ.पी. अग्रवाल, राकेश मित्तल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को मिलेगा शिक्षा का अधिकार



वेलकम इंडिया,कपिल चौहान

**गाजियाबाद।** गाजियाबादपेरेंट्स एसोसिएशन व शिक्षा विभाग जिला प्रशासन कि आरटीई दाखिला हेतू अनूठी पहल। दाखिला प्रक्रिया में वृद्धि के लिए प्रचार वैन के माध्यम से चलाया संयुक्त आरटीई जागरूकता अभियान। ?शिक्षा का उजियारा हो,?विश्व गुरु देश हमारा हो?जिले के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा कि मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई) 2009 के तहत जिले के प्राईवेट स्कूलों में दुर्बल आलाभित वर्ग समूह की 25% आरक्षित सीटों पर दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम चरण में अभिभावकों में जागरूकता की कमी व तकनीकी खामियों के कारण आवेदन बहुत ही कम संख्या में किए गए हैं। जिस पर जीपीए व जिला प्रशासन गंभीर है। द्वितीय चरण कि आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जो 21 फरवरी से 7 मार्च तक होनी है इसके बाद तृतीय चरण प्रक्रिया 12 मार्च से 25 मार्च तक होनी निश्चित है, शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिला प्रक्रिया प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अभिभावकों को जागरूक व दाखिला संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से जिला बेसिक शिक्षा विभाग व मुख्य विकास अधिकारी जी के मार्गदर्शन सहयोग से गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के अथक प्रयास धरातल पर कार्य करते हुए मलिन बस्तियों, पात्र अभिभावकों तक प्रचार वैन के माध्यम से पम्पलेट, बैनर, पोस्टर, कैनोपी के माध्यम से जीपीए वॉलिंटियर द्वारा सूचना प्रचारित प्रसारित की जा रही है जिससे अधिक से अधिक संख्या में अभिभावक राज्य सरकार की योजना,अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों को दाखिला दिलाया जा सके। आरटीई के तहत पात्र अभिभावकों को जानकारी का अभाव होना व सक्षम अभिभावकों द्वारा आरटीई का लाभ उठाने की लगातार चर्चाएं होती रही है। जीपीए व जिला प्रशासन चाहता है कि आरटीई योजना का लाभ पात्र अभिभावकों को ही मिलना चाहिए।इसी क्रम में योजना से जुड़े अभिभावकों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के लिए जीपीए विगत 12 वर्षों से अभिभावकों के हित में संघर्ष कर रहा है।गाजियाबाद का एकमात्र संगठन है जो अभिभावकों के हित कि लड़ाई,उत्पीड़न पर अंकुश लगाने में धरातल पर खड़ा रहा है। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के सचिव अनिल सिंह के द्वारा प्रचार वैन से ऑडियो जारी कर दुर्बल आलाभित अभिभावकों आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों से अपील व आह्वान किया जा रहा है कि निजी स्कूलों की 25% आरक्षित सीटों को रिक्त ना रहने दिया जाए। अभिभावक ज्यादा से ज्यादा आवेदन करें और अपने बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाए। इसी कड़ी में जिला प्रशासन से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल जी का मार्गदर्शन व सहयोग लगातार मिल रहा है जो सराहनीय है और बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पंपलेट बैनर आदि की व्यवस्था की गई है। आर्थिक रूप से कमजोर, दुर्बल आलाभित अभिभावकों तक लाभ पहुंचाने में व शिक्षा का अधिकार दिलाने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

जीपीए आरटीई प्रभारी धर्मेंद्र यादव जी के नेतृत्व में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के क्रांतिकारी साथी पूरी निष्ठा व शिद्दत से पात्र अभिभावकों की खोज कर शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए आवश्यक सम्बंधित दस्तावेज की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन व शिक्षा विभाग जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त प्रयास द्वारा प्रचार प्रसार वैन लाइनपार क्षेत्र विजयनगर के विभिन्न क्षेत्रों में पात्रता अभिभावकों तक अपनी पहुंच बना रही है। और यह जिला गाजियाबाद में अन्य स्थानों पर भी संयुक्त रूप से प्रचार प्रसार के लिए प्रस्तावित है जिससे आरटीई के तहत पात्र अभिभावकों को जानकारी सांझा कर ज्यादा से ज्यादा दाखिला करने के लिए प्रयत्नशील है।

## जानलेवा हमले के बाद भी टालमटोल: पुलिस आयुक्त के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर हुए जानलेवा हमले के मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि पुलिस द्वारा पीड़ित को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाने के बावजूद उसकी शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। बाद में पुलिस आयुक्त से गुहार लगाने पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सद्दीक नगर निवासी पीड़ित सोनू उर्फ सोहनवीर के अनुसार 14 फरवरी की शाम गीता निम्मी नामक महिला ने उसे पुराने लेनदेन का हवाला देकर अपने घर बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो पहले से मौजूद अनुपम निम्मी, आदेश निम्मी और 4–5 अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि अनुपम ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया।

# गाजियाबाद में विवादित फिल्म के विरोध में ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया,कपिल चौहान



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन धन सिंह कोतवाल के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव,पोविन्दर कुमार वर्मा, एवं मीडिया प्रभारी मोहित उपाध्याय जी,उपेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कथित विवादित फिल्म ह्ययादव जी की लव स्टोरीह्व के विरोध में जिला गाजियाबाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए फिल्म पर तत्काल रोक लगाने तथा फिल्म निमार्ताओं और कलाकारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि एक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ह्ययादव जी की लव स्टोरीह्व नामक फिल्म का निर्माण किया गया है, जिसमें एक विशेष जाति को केंद्र में रखकर प्रेम प्रसंग दशार्या गया है। संगठन का आरोप है कि किसी भी विशेष जाति या धर्म को जोड़कर इस प्रकार की फिल्म बनाना समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास है और इससे प्रदेश की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।मनोज यादव ने कहा कि प्रदेश में शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि फिल्म की रिलीज से पहले ही उस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा संबंधित निमार्ताओं और कलाकारों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।ज्ञापन सौंपते समय संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# जनगणना-2027: 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण, फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या गणना

वेलकम इंडिया,

**गाजियाबाद।** जनगणना-2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना कार्य को सुचारू और समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को संबोधित करते हुए एडीएम एफ/आर ने बताया कि भारत में जनगणना प्रत्येक दस वर्ष में आयोजित की जाती है। वर्ष 1872 से चली आ रही इस परंपरा के तहत आगामी जनगणना देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर और वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का एकमात्र विश्वसनीय स्रोत है, जो जनसांख्यिकी, शिक्षा, भाषा, धर्म, आर्थिक गतिविधि, प्रवास, शहरीकरण तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एच.एल.ओ.) 22 मई से 20 जून 2026 तक 30 दिनों की अवधि में संपन्न होगी। दूसरे चरण में जनसंख्या एवं जाति गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी, जबकि 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण दौर चलेगा। पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में होगी और नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जनपद में अनुमानित 7,914 प्रगणक ब्लॉक बनाए जाएंगे।

# विराट हिंदू महासम्मेलनों में एकता और सनातन चेतना का संदेश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महानगर में रविवार को धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश देने वाले विराट हिंदू महासम्मेलनों का आयोजन सारे होम्स तथा बीएसके चौक, कोटगांव में किया गया। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलनों में कुल लगभग 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सारे होम्स में आयोजित सम्मेलन में बटेश्वर धाम, आगरा के आचार्य अखिलेश समाधिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग धर्म जागरण संयोजक गाजियाबाद प्रमोद शर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह अभिषेक सचदेवा रहे। वहीं कोटगांव में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि रणवीर सिंह चौधरी तथा धार्मिक वक्ता इस्कॉन मंदिर से जुड़े पूज्य स्वामी प्रभु दयालु दास जी उपस्थित रहे। दोनों सम्मेलनों का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

# लाजपत नगर में दो दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के लाजपत नगर स्थित शारदा पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक दो दिवसीय आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मनीष भारद्वाज के सहयोग से राष्ट्रीय व्यापार मंडल, लाजपत नगर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं डाक विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 18 वर्ष तक के बच्चों के नए आधार कार्ड तैयार किए गए तथा सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन किए गए। इंदिरापुरम स्थित श्रेया आई सेंटर की टीम द्वारा निशुल्क नेत्र जांच कर लोगों को परामर्श और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता एवं पार्षद हिमांशु शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, श्री गोपाल पुजारी (श्याम रसोई) तथा पूर्व पार्षद अनिल राणा उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में महामंत्री मोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा, चेयरमैन प्रशांत पटेल, उपाध्यक्ष सुरेश कसाना, संजय शर्मा, सचिव मनीष भारद्वाज, देहरा जी, भूषण खन्ना, रवींद्र, राजेश कुमार, मनोज कुमार, मोहित कुमार, अधिवक्ता आशीष शर्मा, अधिवक्ता प्रकाश शर्मा, आशीष जैन, डॉ. नरेंद्र कौशिक, अजय शर्मा, दीपक शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# आगामी होली पर्व खुद दृष्टिगत रखते हुए जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

वेलकम इंडिया कपिल चौहान

**गौतम बुद्ध नगर।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी रितु सक्सेना एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा रसूलपुर नवादा सेक्टर 62 नोएडा स्थित सम्यक मिठाईवाला के प्रतिष्ठान पर प्रदूषित एवं मक्खी मच्छर पड़े हुए लगभग 100 किग्रा गुलाब जामुन पाए गये , जिनमें से 01 नमूना लेकर , शेष गुलाबजामुन को नष्ट कराया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, रविन्द्र नाथ वर्मा, विजय बहादुर पटेल एवं सय्यद इबादुल्लाह की टीम द्वारा जे0- 81 यूपीसीडा इंडस्ट्रियल एरिया साइट 5 कासना ग्रेटर नोएडा स्थित जानकी बल्लभ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड खाद्य तेल निर्माण इकाई से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल 750 ग्राम के (ठ४३१ॅह्लङ्कद ब्रांड) का 01 नमूना , 13 किग्रा इसी ब्रांड के पैक्ड टीन से रिफाइंड सोयाबीन तेल का 01 नमूना तथा इसी ब्रांड के 750 ग्राम के पैक्ड रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल का 01 नमूना लिया एवं ङ्क१ ॠं३ङ्कल्ल किए बिना सभी पर फोर्टिफिकेशन का लोगो अंकित करने तथा बैच नंबर आदि के अभिलेख मौके पर उपलब्ध न कराये जाने के कारण 291 टीन रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के, 3968 पैक्ड पाउच रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के तथा 6995 पैक्ड पाउच रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल के सीज कर दिये गये ।इसके अतिरिक्त इसी प्रतिष्ठान में 15 किग्रा (ल्ल४३१ह्ल५ी ॠङ्कह्ल ब्रांड) के 91 टीन रिफाइंड पॉमोलिन के अन्य कंपनी के ट्रेडिंग के लिए एक्सपायर्ड तिथि के भी पाए गये, जिससे 01 नमूना लेकर शेष 91 टीन को सीज कर दिया गया। प्रकार कुल 05 नमूनें लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो।

